CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 13°C
सेंसेक्स 74,102.32
निफ्टी 22,497.90
सोना 88,610
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 12 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2081 11 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### 11वां रोज़ा

## मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




### टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई आश्वासन नहीं दिया

# भारत ने ट्रम्प के दावों को सिरे से नकारा

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र सरकार** ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और व्यापार को उदार बनाना चाहता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है, लेकिन टैरिफ वार से किसी का फायदा नहीं है और इससे मंदी भी आ सकती है। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय तौर पर टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।



**कहा: भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया**

**अमेरिका से हमारा कोई कमिटमेंट नहीं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावे पर भारत सरकार ने कहा**

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा कि शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

# मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पोर्ट लुईस, वार्ता

**मॉरीशस** के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है।

मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मारीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद का दौरा था और मैं अपने साथ फगवा की खुशी लेकर आया था।



**मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से नवाजा**

### पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया कुंभ का पवित्र जल

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बाटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धाजंलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

### भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है।




### जारी होंगे 100-200 के नए नोट : RBI

**मुंबई।** आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

### जेकेआईएम पर गृह मंत्रालय ने पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

# हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मंगलवार को राहत देते हुए डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

हल्द्वानी दंगे के आरोपियों भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दीकी, जावेद कुरैशी, शाहनवाज, रहीश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित अन्य 18 आरोपियों की अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में विगत सात मार्च को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को निर्णय जारी करते हुए सभी की जमानत मंजूर कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ ही हल्द्वानी कोतवाली में संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। सभी आरोपी पिछले साल फरवरी से जेल में बंद हैं। यूएपीए अदालत (निचली अदालत) ने आरोपियों की जमानत नामंजूर कर दी थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। आरोपियों की ओर से कहा गया कि सरकार उनके खिलाफ यूएपीए अदालत में तय समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही है। अदालत ने सरकार को आरोप पत्र दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया और उनकी जमानत नामंजूर कर दी। इसलिए वे डिफ़ॉल्ट बेल के हकदार हैं। अदालत इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफ़ॉल्ट बेल मंजूर कर चुकी है। आरोपियों के अधिवक्ता सीके शर्मा के अनुसार खंडपीठ ने उसी आधार पर इन आरोपियों को भी जमानत दे दी।



**इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफॉल्ट बेल मिल चुकी**

# विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेघालय का बर्नीहाट टॉप पर**

**दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी**

**नई दिल्ली।** विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे, यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 फीसदी की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। विश्व के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में पाकिस्तान के 4 और चीन का एक शहर भी शामिल है। ओशिनिया साल 2024 में विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57: शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, -शेष पृष्ठ दो पर

### देश की सबसे अमीर महिला अब रोशनी नाडार

**नई दिल्ली।** एचसीएल (सीएल) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली सीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

# अमरोहा में उत्तराखंड की युवती की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था आरोपी युवक**

**अमरोहा।** उप्र में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को मंगलवार सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ -शेष पृष्ठ दो पर









# लोकसभा में गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

## यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं, पुरानी पेंशन योजना ही लागू हो: सपा

**नई दिल्ली, वार्ता**

समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं।

कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अमरा राम ने राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के



सीकर और झुंझनू जिलों में तो लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में आबादी के छितरी होने की वजह से पेयजल की सुविधाएं पहुंचाना दुष्कर हो जाता है, इसके मद्देनजर वह केन्द्र सरकार से राज्य की विशेष मदद करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल सुविधाओं के लिए खर्च होने वाली राशि का 90 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में प्राय: बाधा पड़ने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिजली मंत्रालय से इस समस्या को दूर करने के उपाय करने की मांग की। सुश्री रनौत ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती होने से आम लोगों को तो परेशानियां होती ही हैं, छोटे-छोटे व्यवसाय भी ठप हो जाते हैं। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की मांग की।

### तीन वर्षों से औसत महंगाई 5.6 प्रतिशत: चौधरी

■ 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी

**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले तीन वर्षों औसत महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रही है जबकि बेचमार्क छह प्रतिशत है। चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2024 में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रही है। 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में मौसम और आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं के कारण महंगाई में वृद्धि होती है, लेकिन इसको निर्यंत्रित करने के उपाय किए जाते हैं। बेरोजगारी से जुड़े पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएसओ के सर्वे के अनुसार बेरोजदारी दर 3.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक देश एक कर की व्यवस्था है। जुलाई 2017 से इसके प्रभावी होने के बाद औसत कर की दर 12 प्रतिशत पर आ गई है, जो पहले औसत 15 प्रतिशत थी। जीएसटी परिषद संघवाद का अद्भुत उदाहरण है। गरीबों को समान अवसर नहीं मिलने के पूरक प्रश्न पर राज्य मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार हर नागरिक को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर क्षेत्र में लोगों को समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2014 से 'सबका साथ सबका विकास' के तहत सबको आगे बढ़ाने का काम किया गया है। यह कोई नारा नहीं है।

# महिला अत्याचार से जुड़े सवालों पर सरकार मौन

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने की सिर्फ बात ही करती है, जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी दुष्कर्म की घटनाओं में संलिप्त अपने लोगों को बचाने का काम करती है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों से जुड़े सवालों पर सरकार हमेशा बचने का प्रयास करती है और वह अपने लोगों पर लगे दाग साफ करने का प्रयास करती है। उन्होंने आस्ट्रेलिया में रहने वाले और दुष्कर्म के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति का नाम लिया और कहा कि उनकी मोदी के साथ कई तस्वीरें हैं। उन्होंने कहा कि हम मोदी से सवाल पूछते हैं कि उनकी जितनी तस्वीरें उस व्यक्ति के साथ हैं। क्या




■ बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा

उतनी ही तस्वीरें न्याय की गुहार लगा रही महिलाओं के साथ हैं। उनके पास जंगल सफारी पर जाने का समय है, लेकिन उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है।

देश में संसद सत्र चल रहा है, लेकिन मोदी मॉरीशस घूमने निकल गए हैं। बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे अनेक मामले हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मास रेपिस्ट प्रज्वल रेवन्ना जेल की सलाखों के पीछे है, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है, क्योंकि भाजपा उस पर दबाव बना रही है। गुजरात में भाजपा का एक मंत्री दलित महिला के साथ दुष्कर्म करता है, लेकिन उस पर एक्शन नहीं हुआ। आखिर में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उस पर प्राथमिकी होती है। गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक की बेटियां-महिलाएं मोदी से न्याय मांग रही है लेकिन वह चुप हैं।ह उन्होंने दावा कि मोदी की यात्राओं को ऑस्ट्रेलिया में बालेश धनखड़ आयोजित करता रहा। इसका मतलब है कि मोदी बालेश धनखड़ के बारे में सब जानते थे, फिर भी खामोश हैं। यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के जिन मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्ता के आरोप लगते है भाजपा के लोग उनको बचाते रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होली-रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मों के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- जैसा कि विदित है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, तो यह सभी के हित में होगा। उन्होंने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

### गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का समुचित विकास किया जाए: पाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और कपिलवस्तु के समुचित विकास की सरकार से मांग की। पाल ने शून्य काल के दौरान कहा कि कपिलवस्तु में तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताए थे, अत: वहां के विकास के भरपूर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कपिलवस्तु में कॉरिडोर के निर्माण की मांग की। समाजवादी पार्टी के जियाउर्रहमान ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए जा सकते हैं, तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किए जाते।

### सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने को सरकार प्रतिबद्ध: गुर्जर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पिछले साढ़े तीन साल में साठ से अधिक पहल की है। कृष्णपाल गुर्जर ने प्रश्नकाल ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारिता मंत्रालय अपनी स्थापना के साढ़े तीन साल के अंदर सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं।

# तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा कैंसर डे केयर सेंटर: नड्डा

**नई दिल्ली, वार्ता**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है।

नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की गई है और इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है, तो राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अस्पतालों को अपनी जरूरतों के अनुसार योजना बनाने की सुविधा दी गई है और उसके अनुरूप टेक्नीकल और वित्तीय मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में मदद मिली है। अभी कैंसर का पता चलने पर 30 दिनों के भीतर ही उपचार शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में झज्जर के एम्स में 700 बिस्तरों का कैंसर केयर सेंटर



■ इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा

बनाया गया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के गोरखपुर में एक्स खोला गया है और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि यूनिवर्सिटी के भीतर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। हांलाकि यूनिवर्सिटी के साथ एक करार किया गया है और वहां स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स की तरह बनाया जा रहा है। नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न पर कहा कि आशा कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी आई है। केरल सरकार का जहां तक सवाल है, तो उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण आशा कार्यकताओं से जुड़ा मानदेय जारी नहीं हो पाया है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी का अंश जारी किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया

# महाकुंभ ने प्रयागराज का किया कायाकल्प

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा है। कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज का महाकुंभ के कारण कायाकल्प हो गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे योगी ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ: भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की



■ कहा- कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज को विकास के मार्ग पर बढ़ाया

■ आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया

नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं, तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को कुम्भ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए। उन्होंने कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई व सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंतष्करण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंत:करण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है। योगी आदित्यनाथ ने 45 दिन में आने वाले 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं का जिक्र किया। उन्होंने हर स्नान पर आने वाली श्रद्धालुओं का भी आंकड़ा बताया और कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आ धमकती थी। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बोलवाने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि एक यूट्यूबर कर्नाटक से आए श्रद्धालु से पूछ रहा था कि कितना पैदल चले, उत्तर मिला- पांच किमी-। फिर उसने कहा कि पता है अभी कितना और पैदल चलना होगा, तो श्रद्धालु ने कहा कि नहीं। इस पर यूट्यूबर ने बताया कि अभी पांच किमी- और। श्रद्धालु ने कहा कि 50 भी चलना पड़े, तो जाऊंगा। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है।

### त्योहारों पर भीड़ प्रबंधन में भारतीय रेलवे अपनाएगा महाकुंभ के तरीके

**लखनऊ।** महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के नौ स्टेशनों पर अपनाए गए क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब भारतीय रेल होली व अन्य प्रमुख त्योहारों पर देश के बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए उपयोग में लाएगा। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि होली के त्योहार पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिए गया है कि अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर महाकुंभ की तरह होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश, सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोलिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। रेलवे ने उच्च स्तरीय बैठक में होली व अन्य प्रमुख त्योहारों में देश के अधिक भीड़ वाले 60 रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के सफल क्राउड मैनेजमेंट के तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार, सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली जैसे अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त वेलटग रूम या होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही त्योहारों के दौरान महाकुंभ की तरह प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित तरीके से भेजने, क्राउड़ मैनेजमेंट के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से भीड़ के दबाव पर नजर रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रेलवे के कर्मचारियों और रेलवे पुलिस के जवानों को वॉकी टाकी, अनाउंसमेट के जरिए निर्देशित करने और इसके लिए स्टेशनों पर कंट्रोल टॉवरों को अत्याधुनिक तकनीक से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही घटबढ़

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स फिसलकर जबकि लिवाली की बदौलत निफ्टी बढ़कर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,589.67 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 44,330.32



अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2506 में गिरावट जबकि 1466 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे एफएमसीजी 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.87, यूटिलिटीज 0.15, ऑटो 0.09, बैंलकग 0.36, टेक 0.04 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं रियल्टी 3.92, ऊर्जा 1.20, दूरसंचार 2.78, कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 1.58 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत गिर गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 371 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,743.88 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,663.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,195.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### महिला उद्यमियों को निर्यात कारोबार में प्रोत्साहित करेगा फियो

**नई दिल्ली।** देश में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां मंगलवार को 'शीट्रेड्स इंडिया हब' पहल शुरू किया। फियो ने यह पहल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र आईटीसी के सहयोग व ब्रिटेन सरकार के शीट्रेड्स कॉमनवेल्थ प्लस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से शुरू की है। फियो इस तरह वैश्विक स्तर पर 20वें शीट्रेड्स हब का आधार बना है। इस पहल का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आईटीसी शेट्रेड्स इंडिया हब के सहयोग से ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म महिलाओं के नेतृत्व वाली निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में और मदद करेगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई वहीं चीनी के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 42.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं



हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मरूधर एक्सप्रेस के ब्रेक से निकली चिंगारी, अफरातफरी

**जौनपुर।** जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरूधर एक्स प्रेस ट्रेन में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बोगी में यात्रियों ने ट्रेन के पहिए से चिंगारी और धुएं लिए लपटें दिखाई देने पर शोर मचाया। ट्रेन के गार्ड को अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रुकवा दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अमरोहा में...** में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

**विश्व के...** न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35 फीसदी शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है। एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद पीएम2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

# सीमा पार कर भारत में घुसे दो रोहिंग्या नागरिक गिरफ्तार

■ पकड़े गए आरोपियों से नकदी भी बरामद की

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मथाभंगा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले दो रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति म्यांमार के राखिन प्रांत के निवासी हैं। वहां से वे कुछ साल पहले बंगलादेश के कॉक्स बाजार में अवैध रूप से घुसपैठ कर गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल रेडवान (24) ने बताया कि म्यांमार में उन्हें गोली मारी गई थी, जिसके बाद वह वहां से भागकर बंगलादेश पहुंचे थे। हाल ही में उन्होंने नेपाल में अपने रिश्तेदारों के पास जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने बंगलादेशी दलाल को 40,000 टका देकर भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही वे सीमा पार कर भारत में घुसे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। यह घटना मथाभंगा सीमा के धापरा बाजार इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने जब एक पुरुष और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेडवान और फारमीना अख्तर (27) को गिरफ्तार कर लिया। मथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गोराई ने मंगलवार को यहां बताया कि हमने एक पुरुष और एक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वे म्यांमार के नागरिक हैं। उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनका इरादा भारत होते हुए नेपाल जाने का था। पश्चिम बंगाल में पहले से ही बड़ी संख्या में रोलहग्या मौजूद होने की खुफिया विभाग पुष्टि करता है, लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह से रोहिंग्या घुसपैठिए पकड़े जा रहे हैं, उसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह इलाका किसी अन्य राज्य का हिस्सा होता, तो सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो सकती थी। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोहिंग्या घुसपैठ की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिप्राय जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



**बारहवा रोज़ा इफ्तार**

12 मार्च बुधवार

सुन्नी...................... 06:27
शिया...................... 06:37

**तेहरवा रोज़ा सहरी**

13 मार्च गुरुवार

सुन्नी...................... 05:16
शिया...................... 05:06

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं ने दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल और दोनों मृतको को खतौली सीएचसी पर भतह्व कराया जहां से चिकित्सकों ने घायल का उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया और पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

मंगलवार को रतनपुरी थाना क्षेत्र के कैलाश नगर गांव के समीप बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने की भिड़ंत हो गई जिसमे बाइक सवार दो भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुय ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार युवक रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव चलसीना गांव निवासी शोहेब पुत्र फैयाज अपने चचेरे भाई अकलिम पुत्र सब्बीर के पुताई का काम करते है जो कि मंगलवार की शाम रतनपुरा क्षेत्र के ही कैलाश नगर जा रहे थे जब दोनों बाइक सवार भाई कैलाश नगर गांव के समीप पहुँचे तो तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुँची रतनपुरी पुलिस ने घायलों का उपचार कराने के लिए खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया जहां रास्ते मे ही शोहेब ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने गम्भीर घायल का उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। शो. हेब की मौत की सूचना के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। मृतक युवक के परिजनों ने रतनपुरी थाने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई और मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। पुलिस ने हादसे के बाद ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया था लेकिन चालक मौके से फरार हो गया था।

वही दूसरी सड़क दुर्घटना में भैंसी क्षेत्र में नहर पटरी पर ट्रॉले से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मरने वाला युवक मंसूरपुर के नौना गांव का विकास बताया गया है। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के नौना गांव निवासी विनेश का 23 साल का बेटा विकास सोमवार रात मोटरसाईकिल पर सवार होकर नहर पटरी मार्ग से गांव लौट रहा था। सराय रसूलपुर पुल से पहले खड़े ट्रक्ले से विकास की बाइक टकरा गई। इस हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसे खतौली के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भतह्व कराया गया, जहां पर उपचार के दौरान विकास ने दम तोड़ दिया।

## रोड रोलर के नीचे दबने से युवक की मौत

**भोपा।** नंगला बुजुर्ग निवासी नवयुवक की रोड रोलर के नीचे दबकर मौत हो गयी, युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी नजमू पुत्र राशिद बिजनौर जनपद के थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव बलदीया मे सड़क निर्माण कार्य मे मजदूरी करने गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम जब वह रोड रोलर पहिये पर पानी डाल रहा था तभी वह रोलर की चपेट मे आकर घायल हो गया।जहां उसकी मौत हो गई। नजमु की मौत की खबर से परिवार मे कोहराम मच गया है।पिता राशिद व माता आसमीन का रो रोकर बुरा हाल है।

# बाइक सवारों ने युवती से बैग छीना

**लड़की को काफी दूर तक घसीटा, घटना कैमरे में हुई कैद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाइक सवार दो बदमाशों ने नौकरी से लौट रही एक युवती से बैग छीनने के प्रयास किया। नाकाम होने पर बदमाश युवती को दस फीट तक घसीटते हुए ले गए लेकिन युवती ने बैग नहीं छोड़ा। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस की दो टीमें बदमाशों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों को खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी मोहल्ला निवासी सोनिया एक कपड़े दुकान पर नौकरी करती है। सोमवार रात नौ बजे वह दुकान से वापस घर लौट रही थी, जब वह रामपुरी स्थित भारत नर्सिंग होम वाली गली में पहुंची तो तभी पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए और युवती से बैग लूटने का प्रयास किया लेकिन युवती ने बैग नहीं छोड़ा। इस खींचतान में बदमाश युवती को दस फीट तक घसीटते हुए ले गए। युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें आता देखकर बदमाश बैग छोड़कर वहां से भाग गए। घटना की जानकारी मिलते ही नगर कोतवाल अक्षय शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें पूरी घटना और बदमाश बाइक से भागते हुए कैद हो गए। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिस गली में घटना हुई है, वह संकरी गली बताई गई है। सीओ सिटी राजू कुमार साव ने बताया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ने के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। जल्द बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाशों की फोटो आस-पास के लोगों को पहचान के लिए दिखाते हुए अपने मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया है।

## महिला से नकदी जेवर की ठगी

**भोपा।** बाइक सवार युवक ने महिला को बातों में उलझा कर उसकी सोने की अंगूठी और चार हजार रुपए लेकर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी करने का प्रयास किया। भोपा निवासी उमेश कुमार जैन भोपा के प्रसिद्ध जूता व्यापारी है। बीते कुछ वर्षो से उमेश बीमारी से जूझ रहे हैं। पत्नी पूनम ने घर पर ही कॉस्मेटिक के सामान की दुकान खोल रखी है। मंगलवार को उमेश जैन अपनी पत्नी पूनम जैन और पुत्रवधू प्रिया के साथ अपने घर पर मौजूद थे। महिला आरोपी की बातों में आकर पड़ोस के घर में तुलसी के पत्ते लेने के लिए चली गई। जब वह वापस आई तो आरोपी सोने की अंगूठी और दुकान में रखें चार हजार रुपए लेकर मौके से फरार हो चुका था।

# मुठभेड़ में अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह दबोचा

**सरगना घायल, पांच बदमाशों से कई गाड़ियां बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चोरी ओर एक्सीडेंटल कारों में खेल कर बेचने वाले सरफू गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, पुलिस मठभेड़ में सरफराज उर्फ सरफू पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस गोली से घायल हुआ सरफराज को सरगना बता रही है इनके पास से नौ कारें बरामद की है, जो चौसिस और इंजन नम्बर बदलकर बेचने के लिए तैयार की गई थी। गिरोह के छह सदस्य भी फरार बताये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों जानकारी देते हुए बताया कि सीओ बुढ़ाना पुलिस टीम काफी समय से चोरी और एक्सीडेंटल कारों के चौसिस व इंजन नम्बर बदलकर बेचने वाले सरफराज उर्फ सरफू गैंग की सुराग लगाने में लगी हुई थी।

सोमवार रात को खबर मिली कि सरफू गैंग जौला की तरफ जाने वाले मार्ग पर वाहनों की खरीद-फरोख्त कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बदमाशों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा, पुलिस को देखकर यह गैंग फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो सरफराज उर्फ सरफू, निवासी जामियानगर खालापार गोली लगने से घायल हो गया। सरफू को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसके साथियों की तलाश में काम्बिंग की तो चार अन्य साथियों को पकड़ लिया गया, जिनमें सलीम निवासी खालापार, खालिद निवासी बुढ़ाना, गुलजार निवासी गढ़ी सरवट, आमिर निवासी लोनी शामिल है। इनके पास से नौ कारें बरामद की गई है। इनमें से अधिकांश गाड़ियों के नम्बर, चौसिस और इंजन नम्बर भी बदले हुए थे। बरामद हुई कई गाड़ियां चोरी की हैं, जो एनसीआर क्षेत्र से चोरी की गई थी। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि यह गिरोह काफी समय से चोरी और एक्सीडेंटल कारों के चौसिस व इंजन नम्बर बदलकर उन्हें बेचता रहा है। गिरोह के छह शातिर अभी फरार है, जिनकी तलाश में पुलिस की दबिश चल रही है। गिरोह के सरगना सरफराज और सलीम के खिलाफ आठ-आठ मुकदमें दर्ज है।



मुजफ्फरनगर: पकड़े गए बदमाशों को जेल भेजने से पहले पत्रकार वार्ता करते पुलिस अधिकारी

# नटवरलाल ने की लाखों की ठगी

## महिला अधिकारी बताकर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर ठग लगातार लोगों को तरह-तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं और भोले भाले लोग नटवरलालों के शिकंजे में फसकर लाखों रुपए गवा रहे हे ।

दीदाहेड़ी के अब्दुल करीम से ठग ने भाईजान बनकर डेढ़ लाख रूपये खाते में ट्रांसफर्र करा लिये, जबकि लालच में फंसे विकास गोयल को 2 लाख 40 हजार रूपये हाथ धोना पड़ा। जबकि एक अन्य घटना में महिला अधिकारी बनकर एक लाख रूपये ठग लिये गये। पुलिस ने तीनों ही मामलों में मुकदमा दर्ज कर ठगों की तलाश में जुटी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के दीदाहेड़ी निवासी अब्दुल करीम के साथ तो ऐसा हुआ कि वो अब तक ठगी के इस सदमें से उभर नहीं पाया है। करीम का कहना है कि ठग ने उसका भाई बनकर उससे व्हाट्सअप पर चौट की। खुद को मुसीबत में बताते हुए डेढ लाख रूपये ठग लिये। भाई के मोबाइल नम्बर से चौट होने के कारण अब्दुल करीम को कोई शक नहीं हुआ, उसने बिना देर किये ही तीन बार में भाई द्वारा बताये गये एकाउंट नम्बर में डेढ़ लाख रूपये ट्रांसफर्र कर दिये। बाद में भाई से बात हुई तो पता चला कि उसके मोबाइल को किसी ने हैक कर लिया था, उसके द्वारा किसी तरह के धन की मांग नहीं की गई थी।

ठगी की दूसरी वारदात का शिकार बने नई मंडी निवासी विकास गोयल ने बताया कि एक युवती ने फेसबुक पर फैड रिक्वेस्ट भेजकर अपने जाल में फंसाया। मुम्बई के थाने की निकिता नाम की इसी युवती ने मोटे मुनाफे का लालच देकर विभिन्न खातों में उससे 2 लाख 40 हजार रूपये ट्रांसफर करा लिये। काफी दिन बीतने के बाद भी जब लाभ नहीं मिला तो रकम वापस करने का दबाव बनाया। युवती ने फंसी रकम वापस करने के लिए ओर रकम की डिमांड करनी शुरू कर दी। मना करने पर युवती ने भद्दी-भद्दी गालियां देकर उससे सम्पर्क ही तोड़ लिया।

ठगी की तीसरी घटना शाहपुर क्षेत्र के कुटबा गांव निवासी योगेन्द्र के साथ हुई। योगेन्द्र को एक महिला ठग ने बैंक अधिकारी बनकर कॉल की। महिला ने क्रेडिट कार्ड के बारे में बात कर उसका ओटीपी नम्बर जान लिया। इसके बाद दो बार में उसके खाते से एक लाख रूपये की रकम फुर्र हो गई। रकम निकलने का अलर्ट मैसेज आया तो बैंक अधिकारियों से बात कर खाता बंद कराना पड़ा। बता दें कि जिले में साइबर ठगों का शि. कंजा लगातार कसता जा रहा है। रोजमर्रा तीन से चार ऐसे मामले सामने आ रहे है, जिनमें ठग लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनकी रकम को हड़प रहे हैं।

## पुलिस ने किया पैदल गस्त

**बुढाना।** जहां एक और स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देश पर मंगलवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्र अधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने मय फोर्स के साथ कस्बे के कांधला रोड, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, संवे. दनशील व अति संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त किया तो वहीं दूसरी और आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिसमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा धर्म गुरुओं से भी वार्तालाप भी करते नजर आए। पुलिस ने इस दौरान ई-रिक्शा संचालकों को भी जमकर हड़काया।

# फैसले के बहाने बुलाकर युवक को दी यातनाएं

**हमलावर बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार, लूट का भी है आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मामूली बात को लेकर तीन दिन पूर्व हुई कहासुनी के मामले में फैसला कराने के बहाने गांव रोहाना बुलाकर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने पेड कटाई करने वाले कस्बा देवबंद के युवक की जबरदस्त धुनाई कर दी। बेहोशी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये और घायल को किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस समय घायल के परिजन बुलाये जाने पर ग्राम प्रधान के घेर में बैठे हुए थे और फैसले की बात चल रही थी लेकिन



युवक को अकेला देखकर हमलाव. रों ने उसको रास्ते में घेर लिया और गंभीर यातनाये दी। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान लिये हैं। जनपद सहारनपुर के कस्बा देवबंद गांव जडौदा जट निवासी 29 वर्षीय रईस पुत्र सुबहान पेड़ कटाई का काम करता है। विगत दिवस व ट्रैक्टर ट्राली लेकर ग्राम रोहाना आया हुआ था।

इसी क्षेत्र के कुछ युवको के साथ ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर कहा. सुनी हो गई थी। यह मामला तीन दिन पूर्व रोहाना चौकी पहुंचा था, जहां पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में कर ली थी और दूसरे पक्ष की शिकायत पर कार्यवाही की बात भी कही गई। यह मामला एक प्रधान के घर पहुंचा तो दोनों पक्षो में फैसले की बात शुरू हुई। मंगलवार को रईस के परिजन ग्राम प्रधान के घर फैसले के लिए पहुंचे, जबकि रईस अपनी मोटरसाईकिल पर अकेला आ रहा था। ग्राम प्रधान के कहने पर रईस के दूसरे साथी को भी रोहाना बुलाने की बात शुरू हुई। बताया जाता है कि जब रईस प्रधान के घेर में जा रहा था तो आधा दर्जन से अधिक युवको ने उसको रास्ते में घेर लिया और लाठी डंडो से उस पर जबरदस्त वार कर दिया। मारपीट के बाद जब युवक बेहोश हो गया तो आरोपी उसे छोडकर चले गये। यह मामला एक फिर रोहाना चौकी पुलिस तक पहुंचा जहा घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस समय युवक के शरीर पर गंभीर चोटे थे ओर उसका आरोप था कि वह अपने ठेकेदार को 2 लाख 30 हजार रूपये देने के लिए लाया था वो भी हमलावर छीनकर ले गये। घायल केपरिजनो ने कार्यवाही की माग की है।

## गन्ना उपायुक्त ने गन्ने के साथ लहुसन की खेती का भी किया अवलोकन

**बुढ़ाना।** उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर डाक्टर ओपी सिंह आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा में स्थित युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के खेतों में अपनी टीम के साथ पहुंचे। जहां पर उन्होंने खेतों में गन्ने की फसल के साथ साथ खीरा, टमाटर और लहसुन आदि की फसल दिखाई। जिसको देखकर उन्होंने ख्र षक तैमूर अली राणा की तारीफ की और कहा कि अगर सभी किसान इसी तरह से खेती करें तो उनकी आय निश्चित ही दुगनी हो जाएगी। जिस तरीके से आप खेती कर रहे हो और आपको देखकर यहां के किसान भी इसी तरीके से खेती कर रहे हैं। आप और किसानों के लिए प्रेरणा के स्रोत हो। उनके साथ गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव ब्रजेश राय, बजाज शुगर मिल बुढ़ाना के जीएम, गन्ना सहायक प्रबंधक डॉक्टर विकास बालियान और प्रगतिशील किसान नरेश त्यागी आदि किसान उपस्थित रहे।




# अज्ञात तत्वों ने होली से पूर्व ही होलिका में लगाई आग

## बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में 5 दिन में दूसरी घटना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आखिर कौन हैं वे असामाजिक तत्व जो कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र का माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। अभी 5 दिन पूर्व अज्ञात तत्वों ने कोतवाली क्षेत्र के परासौली गांव में होली में आग लगाई थी।

ये गनीमत रही कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला संभाल लिया था मगर मंगलवार की प्रथम रात्रि में अज्ञात तत्वों ने फिर इसी तरह की हरकत इस बार कस्बा बुढाना के पैंठ बाजार में वाल्मीकि बस्ती में की। जिसमें बीच तिराहे के पास होलिका दहन वाले स्थान पर रखी होलिका जला दी। जिस वक्त आग लगी उस समय करीब रात्रि का एक बजे था। इसी बस्ती के गुलशन वाल्मीकि के पुत्र की बर्थडे पार्टी थी। जब मेहमान पार्टी खत्म कर घर लौट रहे थे तो उन्होंने होली में आग लगी देखी तो उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर आए लोगों को समझते देर नहीं लगी और उन्होंने घरों से पानी ला लाकर काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई और इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी। सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज ललित कसाना मौके पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर बस्ती के लोगों में आक्रोश फैल गया और आग लगाने वाले तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की। गुस्साए लोगों को कस्बा इंचार्ज ने समझाकर शांत किया और पास में लगे कैमरों की फुटेजें चौक की। जिसमें एक बाइक पर सवार 2 युवकों होली में आग लगा रहे हैं। पुलिस ने दोनों युवकों की पहचान करने का काम शुरु कर दिया है। उधर बुढाना पुलिस ने होली दोबारा स्थापित करवाते हुए माहौल को बिगाड़ने से बचा लिया है।






# खतौली में 125 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**खतौली।** खतौली में होली के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस की तैनात की गई है। मिल. ेजुली आबादी वाले इलाकों में हो. लिका दहन स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। होली पर्व पर जगह-जगह होलिका दहन की परंपरा है। प्रत्येक मोहल्ले में होलि. का दहन कर पूजा अर्चना की जाती है। होली नजदीक आते ही युवकों की टोलियां जगह-जगह से लकड़ी और झाड़ झंकाड़ ला-लाकर एकत्र करने में जुट जाती हैं। होली में महज तीन दिन शेष रहने के कारण होलि. का दहन की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। पर्व के प्रति लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुय बताया कहना है कि मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में होलिका दहन वाले स्थलों पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। त्योहार में शांति-व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिस की मुस्तैदी बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त कराने का निर्देश दिया गया है। होली के दिन ही जुमे की नमाज भी होगी। इसे देखते हुए नगर और अधिक संवे. दनशीलता होली दहन स्थलों को देखते हुए पुलिस के साथ ही अतिरिक्त पीएसी की तैनाती की जा रही है। खतौली तहसील क्षेत्र में 125 स्थानों खतौली नगर और देहात में 81 और रतनपुरी थाना क्षेत्र में 44 स्थानों पर होलिका दहन होगा। कोतवाल ने बताया कि होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए खासी संवेदनशीलता बरती जा रही है।

## 24 से हड़ताल करेंगे बैंक कर्मी

**मुजफ्फरनगर।** यूनाइटेड फोरम आफ बैंक भूतिया के आधार पर्व की अगली कारियों में कर्मचारियों के एक विशाल प्रदर्शनका जाम भल बैंक अर्किल ऑफिस शाकुन्तलम, मुजपप्रण किया गया। रागा को सम्बोधित करते हुये कामरेड आत्मीक इम्पलाइज यूनियन, मुजफ्फरनगर, कामरेड गौरव किशोर, एजीएस ऑल इण्डिया पंजाब नेशनल बैंक आफिसर एसोसिएशन, कामरेड अशोक शर्मा, काल. ेनर एफ, कामरेड अनुज गुला सचिन चौधरी स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिऐशन ने बताया कि बैंकों में कार्यरत सनी आफिसर कर्मचारी यूनियन अपनी गांगों जैसे बैंकों में पर्याप्त भर्ती दिवस प्रकार की आउटसोर्सिंग बन्द करना, बैंकों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लागू करता, समी बैंकों के बोर्ड पर आफिसर व वर्कमैन डायरेक्टर को अविलम्ब नियुक्त करना ही सीमा 25 लाख करना, पेंशन अपडेशन आदि लम्बित मांगों को पूरा करने के लिये संघर्षरत है।

# भूड़ चौकी पर पागल ने किया पुलिस पर पथराव

**पथराव से दो पुलिसकर्मी हुए गंभीर रूप से घायल**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** देर रात भूड़ चौकी में घुसे एक मंदबुद्धि युवक ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया जिसमें दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। अचानक पथराव को देख वहां मौजूद दर्जनों पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने मंदबुद्धि युवक को पकड़ कर चौकी से भगाया।

सोमवार की देर रात खतौली भूड़ पुलिस चौकी में आराम कर रहे पुलिस कर्मियों में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक चौकी में घुसे एक मंदब. ुद्धि युवक हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस कर्मियों ने उसे चौकी से भगाने का प्रयास किया। लेकिन तभी अचानक मनबुद्धि युवक ने पुलिस कर्मियों पर ईंट से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पुलिस कर्मियों के खेमे में हड़कंप मच गया जहां पुलिस कर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इस पथराव में चौकी पर तैनात सिपाही गोपाल और सुभाष ईंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। हमले में गोपाल के सिर में और सुभाष के हाथ मे ईंट लगने से चोट आई। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने उक्त पांगल युवक को बमुश्किल पकड़ कर चौकी से भगाने के बाद दोनों घायल पुलिस कर्मियों को खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने दोनों घायलों को उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। पांगल द्वारा किये गए पथराव से पुलिस चौकी में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। लोगों का कहना था कि यह पांगल आये दिन पुलिस चौकी के आसपास घूमता रहता है जो कि आते जाते लोगों पर ईंट पत्थर मरता रहता है जिससे भूड़ खतौली की जनता परेशान है। लोगों ने पुलिस से इस पांगल को पकड़ कर पांगल खाने भेजने कु मांग की।

## पानी की निकासी को लेकर बीडीओ से मिले ग्रामीण

**बुढ़ाना।** गांव अलीपुर अटेरना में स्थित तालाब के पानी की निकासी और ग्राम पंचायत के द्वारा गलत तरीके से बनाए जा रहे नाले की समस्या को लेकर गांव के जिम्मेदार लोग आज मंगलवार के दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार से मिले और उनको दोनों समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर बीडीओ ने दोनों ही समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इस दौरान भूमि विकास बैंक के चेयरमेन विनोद सैनी भी उपस्थित रहे। इस संबंध में विकास त्यागी ने बताया कि गांव अटेरना के अंदर तालाब के ओव. रफ्लो हो जाने से कई घरों में पानी घुसा हुआ है। ग्राम प्रधान द्वारा तालाब की निकासी को लेकर गलत तरीके से नाला खुदाई कराई जा रही है। जिस कारण से ग्रामीण बीडीओ से मिले थे।

## शिकायकर्ता के मकान पर हंगामा करने के आरोप में चार पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन पुलिस ने चार ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर उनको शांति भंग में चालान किया है जो वारंटी की गिरफ्तारी पर शिकायतकर्ता के घर पर जाकर हंगामा कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की कार को भी सीज कर दिया है।

सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि जब पुलिस गश्त कर रही थी तो केवलपुरी में भीड़ में जमा कुछ लोग हंगामा कर रहे थे और समझाने के बाद भी वह दूसरे पक्ष के साथ मारपीट करने पर उतारू थे, इस दौरान पुलिस ने अमन पुत्र गुफरान निवासी ज्वालापुर व एजाज पुत्र मौ. इकबाल , इमरान अहमद पुत्र हसीनुद्दीन व सलाउद्दीन पुत्र हसीनुद्दीन निवासीगण ज्वालापुर हरिद्वार को हिरासत में लिया। पुलिस का कहना था कि आरोपी वारंट के मामले में हिरासत में लिये गये गुफरान अहमद पुत्र हसीनुद्दीन को लेकर शिकायतकर्ता के मकान पर हंगामा कर रहे थे।

पुलिस ने शांति भंग की आशंका के चलते चारो आरोपियों को हिरासत में लिया और मंगलवार को सभी लोगों का चालान के बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि गाडी के कागजात न दिखाने के कारण धारा 207 एम.वी.एक्ट में ई-चालान के माघ्यम से गाडी सीज की गई है।

## दिन दहाड़े बैटरी कारखाने से बाइक चोरी

**खतौली।** कस्बे के बुढाना मार्ग बैटरी कारखाने के सामने से दिन दहाड़े युवक की बाइक चोरी कर चोर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई कर बाइक बरामद कराने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे में बाइक चोर गिरोह के सक्रिय होने से नगर वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी सचिन पुत्र सन्तरपाल बुढाना मार्ग स्थित बैटरी कारखाने में नोकरी करता है सोमवार को जब वह कारखाने पर पहुँचा और बाइक को कारखाने के बाहर खड़ी कर डयूटी पर चला गया। जब वह कुछ देर बाद कारखाने से बाहर आया तो अपनी बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक का सुराग नही लग पाया।

## योगी-मोदी सरकार में सरकारी जमीन पर बना दिए मकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मोहद्दीनपुर निवासी एक व्यक्ति ने मोदी और योगी को पत्र भेज कर गांव के ही दर्जनों लोगों पर सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने का आरोप लगाते हुए इस सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

किसी व्यक्ति की निजी जमीन पर दबंगो द्वारा कब्जा करने के किस्से और शिकायते आये दिन देखने को मिलती है लेकिन सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा कब्जा करने के बाद गांव के ही लोगों द्वारा सरकार से सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की शिकायतें बहुत कम देखने को मिलती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जहां मोहद्दीनपुर निवासी सतेंद्र पुत्र चंद्रपाल ने सीएम योगी और पीएम मोदी को एक शिकायती पत्र भेजते हुय गांव में ग्राम पंचायत की लगभग 20 बीघा जमीन पर गांव के ही दर्जनों लोगों द्वारा कब्जा कर मकान बनाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि सरकार कहती है कि सरकारी जमीनों पर स्कूल और सरकारी बिल्डिंग बने लेकिन मो. हद्दीनपुर में एक भी सरकारी स्कूल नही है और गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा हो रहा है और सरकार और स्थानीय प्रशासन चुप बैठी है। शिकायत कर्ता सरकार से मांग करते हुय सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराकर वहां सरकारी स्कूल बनवाने की मांग की है। शिकायत कर्ता ने सरकारी जमीन पर कब्जा कराने में लेखपाल पटवारी पर भी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

## आयुष विभाग ने मॉडल डाउन में लगाया चिकित्सा शिविर

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर डॉक्टर इसमपाल के निर्देशानुसार आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल टाउन ,सर्कुलर रोड मुज़फ्फरनगर में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क औषधी वितरण किया गया ।शिविर में जनमानस को ऋतुचर्या, दिनचर्या, संतुलित आहार विहार व औषधीय पौधों की जानकारी दी गई तथा औषधिय पौधों का वितरण भी किया गया। शिविर में डा. रिम्पल चौधरी,डा. वरुण चौधरी व डा. शिप्रा सिंह का योगदान रहा।



योग शिविर में योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा व रविंद्र का योगदान रहा।

शरीफ अहमद व योगेश का सहयोग रहा शिविर मे अयूब (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) आयुष शामिल रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ0 माजिद गलत संगत में रहने के कारण गलत कार्यों में लिप्त रहने लगा है तथा मेरे व परिवार के कहने-सुनने में नहीं है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने मौ0 माजिद से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये तथा मैने मौ0 माजिद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र मौ0 माजिद द्वारा किसी भी प्रकार का लेन-देन या कोई आपराधिक कृत्य, पुलिस थाना या अदालती कार्यवाही की जाती है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी

मौ० साजिद पुत्र मौ0 गामीन निवासी 8/4 सी बुढाना मार्ग इस्लामनगर कस्बा व थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर पशु चोर हुआ लहूलुहान

**छपार।** हाइवे पर रात्रि में चेकिंग के दौरान एक बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई । दोनों ओर से फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश छपार थाने से पशु चोरी व बिजली चोरी के पांच मुक़दमों में वांछित चल रहा था उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। रात्रि में ही उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

सोमवार की रात्रि में छपार पुलिस हाइवे पर सालार कालेज के निकट चेकिंग कर रही थी। कालेज के पीछे से एक युवक निकल कर जाता दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे आवाज दी। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया उसने पुलिस पर फायर किया ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगा। पुलिस ने भी जवाब में फायर किया जिससे बदमाश के पैर



में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ कि तो वह अनीस उर्फ मस्ताना निवासी गांव बड़का थाना बड़ौत जनपद बागपत का निकला उस पर छपार थाने में दो पशु चोरी व तीन विधुत चोरी के मुकदमे दर्ज हैं इसके अलावा मेरठ, बागपत सहित 10 मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है। पुलिस ने रात्रि में ही उसे उपचार के जिला चिकित्सालय भेज दिया ओर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# अध्यापक और अभिभावकों की बैठक सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवादाता**

**बुढ़ाना।** कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में अभिभावक व अध्यापक बैठक का आयोजन हुआ।

जिसमें जागरुक अभिभावकों आए। बैठक में सब कक्षाओं के कक्षा अध्यापकों व अध्यापिकाओं द्वारा अपनी अपनी कक्षाओं में अत्यधिक अनुपस्थित रहने वाले, गृह कार्य पूरा न करने वाले बच्चों तथा महत्वपूर्ण बिंद. ुओं पर चर्चा की गई। अभिभावकों ने आश्वासन दिया है कि हम काफी प्रयास करेंगे कि हमारे बच्चे अनुपस्थित न रहें और विद्यालय से दिया हुआ ग्रह कार्य पूरा करने में हम बच्चों की मदद करेंगे। स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि माता पिता अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी शैक्षणिक प्रगति में शामिल रहना व चुनौतियों की शुरुआती पहचान तथा समाधान छात्र की सीखने की सफलता के महत्वपूर्ण हैं। माता पिता अभिभावक अध्यापक बैठक आयोजित करने से दोनों पक्षों को छात्र की ताकत, कमजोरियों व विकास की गहन जांच करने का मौका मिलता है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ताहिर उर्फ इश्ताक उर्फ मुल्ला पुत्र अब्बास निवासी ग्राम जौला, थाना बुढ़ाना, जिला मुज्जफरनगर, यूपी** ने **FIR No. 672/2024, U/S 140(3)/310(2)/111/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ताहिर उर्फ इश्ताक उर्फ मुल्ला,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ताहिर उर्फ इश्ताक उर्फ मुल्ला,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 672/2024, U/S 140(3)/310(2)/111/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना अलीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ताहिर उर्फ इश्ताक उर्फ मुल्ला,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 15.05.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,

**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**उत्तर, न्यायालय संख्या 115, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/3048/ON/2025 (Court Matter)**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे तीन लडके है जिसमें वसीक, वसीम, परवेज है। तथा तीनो की शादी हो चुकी है, ये सभी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अलग अलग रहते हैं। मेरा इनसे कोई मतलब वास्ता नही है, परन्तु मेरा छोटा लड़का परवेज व उसकी पत्नी उसबा गलत संगत में पड़ गए हैं। आये दिन ये गाली गलौच व बेइज्जती करते रहते है। ये दोनों मकान सम्पत्ति अपने नाम नहीं करने पर बुरा अंजाम होने की धमकी मुझे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को देते हैं, ये हमारी हत्या की धमकी दे रहे हैं। जिसके चलते मैने अपने पुत्र परवेज व पुत्रवधू उसबा को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी भी लेने-देन, वाद-विवाद के ये स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शफीक पुत्र सद्दीक**
**निवासी- ग्राम पावटी,**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# एसडीएम ने टीबी के रोगियों को किया पोषण पोटली का वितरण

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर यहां पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित किए गये कार्यक्रम में आए टीबी के कई रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गयी। यह कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एसडीएम राज. कुमार भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। एसडीएम ने अपने कर कमलों द्वारा सभी टीबी के रोगियों को पोषण पोटली वितरण की। पोषण पोटली पाते ही टीबी के मरीज खुश नजर आए और इस अभियान की सराहना की। इस कार्यक्रम मे कस्बे के प्राइवेट डॉक्टर्स ने भी टीबी के इलाज के दौरान टीबी के मरीजों को उनका पूरा पोषण खर्चा जो 06 महीने तक का होता है उसमें अपना सहयोग दिया। यहां केशव सिंह, सीएचसी बुढ़ाना प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अर्जुन सिंह, डॉक्टर निशांत गर्ग, डॉक्टर विकास कुमार, हरविंदर सिंह ब्लॉक कम्युनिटी प्रक्रिया मैनेजर, प्रतीक भारद्वाज और शशांक त्यागी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा जबकि कार्यक्रम में भारद्वाज हास्पिटल से मनोज भारद्वाज, अशोक नर्सिंग होम से फरमान मलिक और मलिक नर्सिंग होम से ओमबीर मलिक आदि चिकित्सकों की मौजूदगी रही।



# निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के बारे में बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामाव. लियों के निरन्तर संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों के नेताओं की एक आवश्यक बैठक मंगलवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें बुढाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती के द्वारा बुढ़ाना विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के निरन्तर संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में सभी राजनैतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपेक्षा की गयी। जिस पर सभी उपस्थित नेताओं ने एसडीएम को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से तहसीलदार महेंद्र सिंह



यादव, नायब तहसीलदार अमन सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव, खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार, युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान और जिला पंचायत सदस्य मोमीन हसन जोला समेत अन्य विभिन्न दलों के नेताओं की भी उपस्थिति रही।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा छोटा पुत्र हिमांशु व उसकी पत्नी प्रियंका पाल मेरे व मेरे अन्य परिजनों के कहने सुनने में नहीं है गलत संगत में पड़ गए है तथा मेरे व मेरे अन्य परिजनों से अलग रहते हैं। उनकी गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैने इनसे सभी रिश्ते विच्छेद कर इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।मेरे व मेरे परिवारजनों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**जोगेन्द्र पुत्र राजाराम**
**निवासी- म.नं-1479,**
**जनकपुरी,**
**थाना सिविल लाईन,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# फाल्गुन एकादशी पर खाटू श्याम के आगे झूम उठे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के द्वारा 37 वा श्री श्याम वंदना महोत्सव बड़ी धूम धाम से नई मंडी रामलीला भवन में मनाया गया जिसमें श्याम बाबा का भव्य दरबार लगवाया गया दरबार मे तेरह सीढ़ी लगवाई गयी क्योकि खाटू के मंदिर में तेरह सीढ़ी है और उन सीढ़ियों के अपना अलग महत्व है दरबार में हर एक सीढ़ी पर जय श्री श्याम लिखवाया गया और बादलों के बीच चांद पर बैठे हुए श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत मनमोहक लग रहे थे । मुख्य अथिति के रूप में पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल,भाजपा नेता विशाल गर्ग मौजूद रहे। दरबार मे श्याम बाबा चांदी के मुकुट में विराजमान थे श्री अरुण गर्ग (पेपर वाले) ने चांदी का मुकुट श्याम बाबा को फाल्गुन एकादशी पर भेंट किया समिति ने उनका आभार व्यक्त किया । मुख्य यजमान के रूप में अरविंद बंसल मिर्च वाले और अरुण



गर्ग पेपर वाले, राजकुमार सिंघल आटे वाले संदीप गोयल,शुभम बंसल, राजेन्द्र गुप्ता और दिनेश मित्तल (टीनू) रहे ।कोलकाता से आये हुए भजन गायक कुमार दीपक और राजस्थान भीलवाड़ा से आए राघव दाधीच ने बाबा को और प्रेमियों को खूब रिझाया बाबा के प्रेमियों से पूरा पंडाल भरा हुआ था समिति की ओर से छप्पन भोग,इत्रवर्षा,ओर बाबा की ख़्रपा से बाबा के सभी प्रेमियों के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था की हुई थी। समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग,अचिन जिंदल,विकास गोयल, मौजूद रहे।

## महिला के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**मोरना।** भोकरहेड़ी मे महिला के साथ पडोसी द्वारा मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने आरोपी दम्पत्ति के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कलालान निवासी महिला बेबी ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उनके ही पड़ोस के रहने वाले एक परिवार के लोग आकरण ही उनसे रंजीश रखते हैं। आरोपी दम्पत्ति उसकी माता संजीता के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने मिलकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। पीडिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की फरयाद लगाई है।

# यूनानी अधिकारी ने किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा इसम पाल के कुशल निर्देशन में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बहरामगढ़ ब्लॉक बुढ़ाना में एक चिकित्सा शिविर व योग शिविर का आयोजन किया गया।।

शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान कलीराम के द्वारा किया गया।चिकित्सा शिविर में आए रोगियों को औषधीय पौधों का वितरण किया गया।शिविर में कुल 376 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण व रोगानुसार औषधि वितरण किया गया

शिविर में डा अरविंद कुमार(आयुर्वेद) ,डा अर्जुन सिंह (यूनानी), व डा पूनम(महिला चिकित्सक) का योगदान रहा।




योग शिविर में योग प्रशिक्षक अनुज कुमार,जैकी, विनीत कुमार व सचिन का योगदान रहा।शिविर में आए रोगियों को रोगानुसार योग कराया गया। ओमवीर व तेजपाल का सहयोग रहा।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नम्बर-0499354 जो सन् 2020 में गांधी इण्टर कॉलेज से उत्तीण की थी। जो कही गुम हो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिल पायी। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**अभिनव कुमार पुत्र श्री मनोज कुमार पता रसूलपुर पोस्ट चरथावल जिला-मुजफ्फरनगर**

## खुलेआम हो रहा डग्गामार बसों का संचालन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चरथावल।** प्रदेश में भाजपा की सरकार दोबारा बनने के बाद भी कई माह बीत चुके है। और प्रदेशवासियों को भाजपा सरकार बनने के बाद जहाँ कुछ समस्याओं से निजात भी मिली है लेकिन वही कुछ समस्याएं अब भी ज्यो की त्यों खड़ी है।

बात अगर यह करे कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी। तब से प्रदेशवासियों को डग्गामार वाहनों में सफर करने से जहा बचाव हुआ था। और इससे पहले की सरकारों में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहन सरपट दौड़ते नजर आते थे और यह डग्गामार वाहन जहा भूसे की तरह सवारी भर लेते थे। जिस कारण सड़को पर हादसे होने में देर नही लगती थी और हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रदेशवासी सड़क हादसों में अपनी जान गंवा बैठते थे।लेकिन जब से दोबारा योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री की गद्दी सँभालने के बाद जहा प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहनों की संख्या में कमी आयी है। और इस बड़ी समस्या से प्रदेशवासियों को राहत मिली वही अब भी प्रशासन की मिली भगत से चरथावल मे खुलेआम डग्गामार बसों का संचालन हो रहा है और तो और यह डग्गामार बस चरथावल से मुज़फ्फरनगर और थानाभवन खुलेआम चल रही हे।

जो कि सरकार को प्रतिदिन बड़े राजस्व का चूना लगा रही है भाजपा की सरकार में भी इन डग्गामार बसों का संचालन किस की शह पर हो रहा है यह तो डग्गामार बसों के स्वामी ही जानते है लेकिन इन डग्गामार बसों के संचालन से सरकार को रोज बड़े राजस्व की हानि हो रही है। और प्रशासन मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है इन प्रतिदिन चलने वाली डग्गामार बसों का संचालन से या तो प्रशासन बेखबर है या फिर जानबूझकर इन डग्गामार बसों के संचालन से बेखबर बना हुआ है।

या फिर किसी बड़े व्यक्ति की शह पर इन बसों का संचालन हो रहा है कारण चाहे जो भी लेकिन इस बात से यह साफ हो चला है कि इन डग्गामार बसों के स्वामियों की प्रशासन में गहरी पैठ है। और इन पर प्रशासन कोई कार्यवाही करने की गुरेज नही कर सकता और यह डग्गामार बसों के स्वामी सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना लगाकर प्रतिदिन मोटी रकम कमा रहे हे और प्रदेश में चाहे बसपा,सपा या फिर दोबारा भाजपा की सरकार बनने के करीब तीन वर्ष बीतने के बाद भी इन डग्गामार बसों का संचालन नही रुक रहा हे ।और इन बसों के स्वामियों पर किसी भी सरकार का कोई फर्क नही पड़ता है और चांदी की चमक के आगे इन डग्गामार बसों का संचालन पिछले काफी दिनों से धड़ल्ले से हो रहा है और प्रशासन इन बसों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही करने से गुरेज करता है और इन डग्गामार बसों के स्वामियों के आगे प्रशासन नतमस्तक नजर आता है और डगगामार बसों से पूर्व मे अनेको हादसे भी घटित हो चुके हे

## सिरफिरे की हरकतों से तंग छात्रा ने छोड़ा स्कूल

**मोरना।** सिरफिरे की हरकतों से तंग आई छात्रा ने कॉलिज जाना बंद कर दिया है। छात्रा के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 14 वर्ष की बेटी से पड़ोस का ही व्यक्ति आते-जाते रास्ते में छेड़छाड़ करता है। कई बार आरोपी युवक को समझाने-बुझाने का प्रयास भी किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके परिजनों से भी मामले की शिकायत की तो उन्होंने भी बात को अनसुना कर दिया।अब आरोपी धमकी दे रहा है कि अगर उसके खिलाफ किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई कराई गई तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी की हरकतों व दी गई धमकी के कारण उसकी बेटी कॉलिज भी नहीं जा पा रही है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## भगवान कृष्ण की पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** श्रीहरि संकीर्तन मंडल द्वारा रंग भरी एकादशी पर परम्परागत रूप से लड्डू गोपाल की पालकी यात्रा का शुभारम्भ इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने भगवान राधा कृष्ण की आरती उतार कर किया। यात्रा बैंड बाजो, ढोल व डीजे आदि के द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। पालकी यात्रा का जगह जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रंगभरी एकादशी के अवसर पर गतवर्षों की भाति श्रीहरि संकीर्तन मंडल ने भगवान लड्डू गोपाल की पालकी यात्रा का आयोजन किया। आयोजन का शुभारम्भ सतसंग भवन से किया गया जिसका शुभारम्भ थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने भगवान राधा कृष्ण की आरती उतार कर माल्यार्पण किया तथा भगवान को गुलाल व पुष्प भेंट किये। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि रंगभरी एकादशी पर होली का पर्व का शुभारम्भ भगवान को गुलाल लगाकर प्रारम्भ हो जाता है जो एक सप्ताह तक हर्षोल्लास से मनाया जाता है।



होली पर आपस में द्वेष भाव भुलाकर एक दूसरे के साथ प्रेम से रहने का संदेश मिलता है। शोभा यात्रा संत. संग भवन से चौक बाजार, सर्राफा बाजार, घास मंडी, काली मंदिर से होते हुए पडाव चौक तथा चौक बाजार मीरापुर से होते हुए सतसंग भवन पर समाप्त हुई जहां पर राधा कृष्ण की आरती उतार कर प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा में राधा कृष्ण, खाटू श्याम व गणेश भगवान की आकर्षक झांकियों ने सबका मन मोह लिया। पालकी यात्रा को सफल बनाने में प्रवीण अग्रवाल, मोहित लखोटिया, रो. हित लखोटिया, अमित अग्रवाल, राघव रस्तौगी, नरेश रस्तौगी, नीरज शारदा, घनश्याम दास अग्रवाल, वासुदेव शर्मा, प्रतीक देव, बिजेन्द्र कुमार माहेश्वरी, संजीव अग्रवाल आदि सक्रिय रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस. बल तैनात रहा।

## सीएचसी बुढ़ाना की टीम ने खतौली को हराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना की टीम ने विगत दिवस खतौली क्षेत्र में स्थित अहलावत गेम सिटी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम को हेल्थ प्रीमियम लीग 2025 के फाइनल में शिकस्त देकर टूर्नामेंट में विजय प्राप्त की। इस मैच में ब्लॉक बुढाना की ओर से खिलाड़ी पुनीत राठी, शशांक त्यागी, अभिषेक, परवीन और अन्य खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। इसी को लेकर आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना पर पहुंचकर सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाइयां शुभकामनाएं दी और उनको अपने कर कमलों द्वारा जीती हुई बड़ी ट्राफी भेंट की।



## रमजान में पड़ रही होली पर अमन चैन बनाने में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** होली पर्व को सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमणशील है और आम जनमानस से अपील कर रहे है कि सभी एक दूसरे भी भावनाओं का सम्मान करें लेकिन कुछ ऐसे असामाजिक तत्व भी है, जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगों के मंसूबे पर पानी फेरने के लिए पुलिस मुस्तैद हो गई है और जिले की सभी होलिका स्थल की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों लगाए जा रहे है, ताकि असामाजिक तत्व पर पैनी नजर रखी जा सके और कोई होलिका दहन से पहले जलाने का प्रयास न करें।

यूं तो पुलिस लगातार होली के पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समितियों की बैठक कर रही है, ताकि आम जनमानस एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें लेकिन बुढ़ाना कस्बे के पैठ बाजार में सोमवार रात असामाजिक तत्वों ने हो. लिका में आग लगाकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। हालांकि बुढ़ाना थाने की पुलिस ऐसे असामा. जिक तत्वों की तलाश में जुट गई है लेकिन बुढ़ाना की घटना की पुनरावृत्ति कहीं अन्य स्थान पर न हो जाए, इसको लेकर अधिकारी गंभीर हो गए। इस संबंध में डीआइजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिए है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले होलिका दहन स्थल की सुरक्षा बढ़ा दे। मंगलवार को सभी थानेदारों ने अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले होलि. का स्थाल को भौतिक सत्यापन किया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, बुढ़ाना की घटना के बाद होलिका स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। होलिका समितियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया है। निगरानी के लिए सुरक्षा समिति और गांवों में चौकीदारों को लगाया गया है। रात के समय चीता (फैंटम) पुलिस होलिका स्थलों की निगरानी करेंगी। ताकि कोई असामा. जिक तत्व होलिका को होली से पहले जलाने का प्रयास न करें। थानेदारों को निर्देश दिए गए है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाली होलिका स्थलों की सुरक्षा को चौकस कर दें और खुद समय-समय पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन करें। एसपी सिटी ने आम जनमानस से अपील की है कि वह एक दूसरे भावनाओं का सम्मान करें और असामाजिक तत्वों की पुलिस को सूचना दें, ताकि त्योहारों को सां. प्रदायिक सौहार्द भर वातावरण में मनाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारा अर्जुनदेव महाराज समिति के अध्यक्ष बने गुरमेल सिंह



**पुरकाजी।** ग्राम भदोला मे गुरुद्वारा श्री अर्जुन देव महाराज की कमेटी का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से गुरमेल सिंह को अध्यक्ष बनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भदोला मे गुरुद्वारा मे हुई जिम्मेदार लोगो की बैठक मे कमेटी का गठन किया गया जिसमे गुरमेल सिंह को अध्यक्ष चुना गया और उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह,सचिव दिलबाग सिंह, उप सचिव नरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष गुरलाल सिंह ओडिटर हरबिंदर सिंह को बनाया गया। कमेटी मे जसप्रीत सिंह, सुबासिंह, मुख्तियार सिंह,लवप्रीत सिंह,जसबीर सिंह, गुलाल सिंह को सदस्य बनाया गया।

### सैनी समाज की बैठक सम्पन्न

**बुढ़ाना।** सैनी समाज के सक्रिय संगठनों की बैठक आयोजित की गयी। जिला गाजियाबाद के शास्त्रीनगर में कृष्णा कुशवाहा के आवास पर भारतीय सैनी, शाक्य, मौर्य, माली और कुशवाहा समाज के सक्रिय संगठनों की संयुक्त राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य नरेश कुमार सैनी व संचालन प्रदेश महासचिव प्रवीन सैनी शामली ने किया। यहां गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष सचिन सैनी लोनी, महासचिव कृष्णा कुशवाहा गाजियाबाद समेत 11 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गये। यहां राष्ट्रीय महासचिव जयभगवान सैनी दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र सैनी, भारत भर में मशहूर जाने माने बवासीर चिकित्सा विशेषज्ञ डाक्टर अतर सिंह आर्य प्रदेश उपाध्यक्ष, गाजियाबाद के पूर्व मेयर प्रत्याशी रामफल शाक्य को जिला संगठन मंत्री, मोदीनगर से जिला सचिव डा. ईश्वर सैनी, सुनील सैनी बाबरी को शामली जिला सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबुराम सैनी लुहसाना, जतिन सैनी लालकुआं, एड. कल्पना सैनी को जिला महासचिव गाजियाबाद महिला प्रकोष्ठ नियुक्त की गयी। यहां तेजपाल सैनी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र सैनी जिला उपाध्यक्ष, हरेंद्र सैनी जिला सचिव, रजनीश सैनी गाजियाबाद जिला कोषाध्यक्ष, कमलेश सैनी जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गाजियाबाद, सुरेन्द्र सैनी जिला उपाध्यक्ष, पप्पू सैनी जिला सचिव, जतिन सैनी मिडिया प्रभारी, राजवीर सैनी, जगदीश सैनी आदि मौजूद रहे।

### पलड़ी के प्रधान ने किया होली मिलन

**शाहपुर।** क्षेत्र के गांव पलडी में ग्राम प्रधान मोनू सैनी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा के जुझारू पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि होली का पर्व दिलों से नफरत मिटाने एवं प्यार मोहब्बत को बढ़ाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर समाज में रहकर किसी न किसी बात को लेकर कटुता आ जाती है। होली का पर्व एक ऐसा पर्व है जिसमें एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर उस कटुता को दूर किया जाता है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी ने कहा कि सनातन धर्म में होली एक ऐसा पर्व है। जिसमें कोई जात-पात नहीं रहती है सर्व समाज के लोग एक ही थाली ही में खाते हैं और एक ही कार्यक्रम में सभी लोग शामिल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमारे हिंदू समाज को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने कहा कि यह हमारे समाज को भाईचारे के रूप में ताकत देता है। यह पर्व हम सबको बहुत उत्साह और उल्लास के साथ मनाना चाहिए। पूर्व चौयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि गांव पलड़ी में यह होली मिलन समारोह पिछले 8 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है। सर्व समाज के सहयोग से यह परंपरा लगातार ऐसे ही चलती रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम प्रधान पलड़ी मोनू सैनी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, मांगेराम प्रजापत, धर्मदास आदमपुर, बिजेंदर आदमपुर, रामपाल उमरपुर, अनिल सैनी कमालपुर, संजय कश्यप दुलैहरा, आदित्य रसूलपुर, सतीश सैनी, मोनू ठाकुर, अंकुर सैनी, सुमित सैनी, धर्मेंदर सैनी, हनु मित्तल, ग्राम चांदपुर प्रधान डॉक्टर कुलदीप त्यागी के अलावा तीन दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### श्री लड्डू गोपाल की भव्य शोभा यात्रा का किया आयोजन

**मीरापुर।** श्री बालाजी दरबार पंजाबी कॉलोनी से श्री लड्डू गोपालजी की भव्य शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। यह शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों, डी.पी.जे. व सुंदर आकर्षक झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। इस आयोजन में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से शोभायात्रा का स्वागत किया।

यात्रा का शुभारम्भ बालाजी दरबार के संस्थापक अरूण यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से ठाकुर जी की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

## 11:26 पर होगा होलिका दहन: पं.ब्रजबिहारी

**मुजफ्फरनगर।** रंग पर्व पर होली का धमाल मचना शुरू हो गया है। मंगलवार को भी सिविल बार एसोसिएशन सहित दर्जनों स्थानों पर रंगोत्सव मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किये गये।होलिका दहन 13 मार्च को सांय 11 बजकर 26 मिनट पर होगा। पंडित ब्रजबिहारी अत्री ने बतया कि पौराणिक कथा के अनुसार, हिरण्यकश्यप नाम के असुर राजा ने अपने बेटे प्रहलाद को मारने की साजिश रची। उसने अपनी बहन होलि. का को आदेश दिया कि वह प्रहलाद को आग में लेकर बैठे। होलिका को आग से बचने का वरदान था, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रहलाद बच गए और होलिका जलकर राख हो गई। इसी घटना की याद में हर साल होलि. का दहन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जैसे-जैसे रंगों का त्योहार नजदीक आ रहा है, लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है होली का त्योहार इस साल दो दिन मनाया जाएगा। होलिका दहन 13 मार्च 2025, गुरुवार को होगा, जबकि रंगों की होली 14 मार्च, शुक्रवार को खेली जाएगी।

होलिका दहन 2025 शुभ मुहूर्त इस साल होलिका दहन 13 मार्च की रात 11:26 बजे से शुरू होगा और 14 मार्च को रात 12:30 बजे तक रहेगा। इस साल भद्रा का असर 13 मार्च की सुबह 10:35 बजे से रात 11:26 बजे तक रहेगा। चूंकि भद्रा के समय होलि. का दहन शुभ नहीं माना जाता, इसलिए दहन का सही समय भद्रा समाप्त होने के बाद ही होगा, यानी रात 11:26 बजे के बाद।होलिका दहन के दौरान गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि इस अग्नि में समर्पित चीजें नकारात्मक शक्तियों को दूर करती हैं और व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ रखने में मदद करती हैं। इसके बाद, लोग होलि. का की राख को घर लाकर तिलक लगाते हैं। यह परंपरा बुरी शक्तियों से बचाव और शुभता लाने के लिए मानी जाती है।

## पं.बिस्वजीत रॉय के सरोद वादन से मंत्रमुग्ध हुए विद्यार्थी

**मुज़फ्फ़रनगर।** स्पिक मैके द्वारा होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा, में शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विख्यात सरोद वादक पंडित बिस्वजीत रॉय ने चौधरी ने बेहद मनमोहक प्रस्तुति दी।

सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूज़िक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ ( स्पिक मैके) द्वारा देश भर शास्त्रीय संगीत की एक विशिष्ट श्रृंखला आयोजित की जा रही है जिसमें श्रेष्ठतम कलाकारों द्वारा शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एसआरएफ के सहयोग से जड़ौदा स्थित होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज में विख्यात सरोद वादक पंडित बिस्वजीत रॉय चौधरी ने बेहद मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



देश विदेशों में सम्मानित कलाकार बिस्वजीत रॉय चौधरी ने प्रातः कालीन राग 'अहीरभैरव' के आलाप से सुकून का माहौल उत्पन्न कर दिया । उन्होंने विलंबित तीन ताल में उसी राग को विस्तार देते हुए द्रुत लय में बंदिश उच्चतम बिंदु तक पहुंचाया तो श्रोतागण भाव विभोर हो गए। तबले पर प्रतिभाशाली युवा कलाकार अनुराग झा ने शानदार संगत प्रदान की । कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया, स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो राधामोहन तिवारी, मृदुला मित्तल व नीति मित्तल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया । प्रधानाचार्य प्रमेंद्र दहिया ने विद्यालय की ओर से कलाकारों का पुष्पगुच्छ देकर तथा पटका पहनाकर किया । उन्होंने कार्यक्रम को उपहार देकर सम्मानित किया । इसमें डॉ राजीव सिंह ने भी उनका सहयोग किया । धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया ने कहा कि देश की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने में स्पिक मैके के प्रयासों में विद्यालय सदैव सहयोग करता रहेगा । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र लकी ने किया । इस अवसर पर डॉ राजीव कुमार, सतकुमार, आजाद सिंह, जितेंद्र कुमार, तीर्थ राठी व विशु विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## धरने से घबराये विद्युत विभाग ने एक लाख घटाया नलकूप का स्टीमेट

### किसान यूनियन ने लगाया किसानों को परेशान करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम तेवड़ा के कषक मोहम्मद बाबू के नलकूप का एस्टीमेट जो बिजली विभाग के द्वारा 195000 का दर्शाया गया था संगठन के द्वारा धरना प्रदर्शन करने पर 93 हजार रुपए में संपन्न कराया गया लगभग 100000 की धनराशि का लाभ मिला बिजली विभाग संबंधित अधिकारी जेई रामलाल को मौके पर बुलाकर ही किसान की समस्या का समाधान कराया गया तथा किसान यूनियन के इतिहास में यह भी एक मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान ककरोली बिजली घर पर अंकित जावला ब्लॉक प्रभारी मोरना, अश्विन राठी ब्लाक महासचिव, संजीव सिंह, सहरावत खाप चौधरी प्रदीप कुमार, युवा नगर अध्यक्ष भोकरहेड़ी रिहान अली, वरिष्ठ कार्यकर्ता इरशाद तथा संगठन के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि अंकित जावला की टीम प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी के साथ लगातार सामा. जिक कार्यों में अग्रसर रहते है।



## बिजली विभाग के कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने बुढ़ाना एसडीएम आफिस को एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें वेदपाल राठी पुत्र ओमप्रकाश निवासी बुढ़ाना ने बताया कि में वीर एंक्लेव कॉलोनी का निवासी हूं। जिसमें अन्य 8 परिवार भी निवास करते हैं। कॉलोनी में बिजली पानी की समस्या बनी हुई है। बच्चों के एग्जाम भी चल रहे हैं। बच्चे भी पढ़ने से परेशान हैं। कॉलोनी में दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। 27 लाख रुपए का एस्टीमेट भी बिजली विभाग में जमा कर रखा है लेकिन बिजली नहीं आ रही है। विद्युत विभाग के एक कर्मचारी बिजली देने के नाम पर 2 लाख रुपयों की मांग कर रहे हैं। बीती रात 20 आदमियों को लेकर मेरे घर पर हमला बोल दिया। जहां पर औरतें और बच्चे भी डर के मारे सहम गए। उक्त कर्मचारी ने गुंडागर्दी फैला रखी है। मुझसे 2 लाख रुपये की मांग की है। मैं एफेडेविट भी देने के लिए तैयार हूं। मेरे खिलाफ वो थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी दे रहा है। इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए और हमारी समस्या का समाधान भी किया जाए। वहीं इसी संबंध में जब बिजली विभाग के जेई मनोज कुमार से जानकारी करनी चाही तो उन्होंने बताया कि उन्होंने बीते दिनों 5 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसलिए ये विभाग पर उंगली उठा रहा है।

## जेसीबी से नाले से निकाली कई कुंतल गंदगी

- नगर पंचायत बुढ़ाना ने 1 घंटे में ही किया शिकायत का निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में रामछेल तिराहे के पास नफीस दर्जी के मकान के सामने स्थित नाले में गंदगी का अंबार लग जाने की शिकायत को जैसे ही बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन श्रीमती उमा त्यागी ने सुना तो उन्होंने मंगलवार की सुबह ही तुरंत जेसीबी मशीन भिजवाकर नाले से कई कुंटल गंदगी निकलवाई और समस्या का कुल एक ही घंटे में निस्तारण कर दिया। नगर पंचायत के वार्ड 16 में रामछेल तिराहे के पास जो नाला है उसमें आते जाते लोग और मोहल्ले के लोग चोरी छिपे गंदगी डाल देते थे क्योंकि नाला कहीं कहीं से खुला हुआ है। अब कई दिनों से इस नाले की सफाई नहीं हो रही थी तो नाले में काफी गंदगी एकत्रित होने लगी थी। जिसके चलते पानी भी रुकने लगा था और आसपास के घरों में बीमारी का प्रकोप भी बनने लगा था।

इसकी शिकायत किसान सेना के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार को यहां के लोगों ने की तो उन्होंने चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी से बात की तो कुछ देर बाद मौके पर जेसीबी मशीन ट्रेक्टर ट्राली समेत सफाई कर्मचारी पहुंच गये और उन्होंने एक घंटे में नाले में पड़ा कूडा कचरा निकालकर नाला साफ कर दिया। नगर पंचायत का आभार जताने वालों में अनीस कुरैशी, काला, साकिर, शानू दर्जी और गुलफाम आदि वार्डवासी हैं।

## शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया सेमिनार का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ''शारी. रिक शिक्षा में नवाचार और भविष्य की संभावनाएं- परंपरा और तकनीक का संगम'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या द्वारा की गयी।

सेमीनार के मुख्य वक्ता डा परणवीर सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग एंड स्पोटर्स गुरूकूल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने सेमीनार के विषय शारीरिक शिक्षा में नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर बोलते हुये कहा कि शिक्षा में नवाचार का मतलब समानता को बढ़ावा देने और सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए एक नए और सरल तरीके से वास्तविक समस्या का समाधान करना। शिक्षा में नवाचार कई रूपों में आता है। शैक्षिक नवाचारों की सहायता से विद्यार्थियों में अंतर्निहित क्षमताओं की पहचान की जा सकती है, आज एक आधुनिक और लोकप्रिय अभ्यास बन गया है, जिसका ध्यान शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर है। योग के विविध साधनों एवं मार्गों द्वारा आत्मा-परमात्मा के मिलन के संबंध में विभिन्न उपायों से परिचय होता है। इस अवसर पर होली चाईल्ड के प्राचार्य प्रविन्द्र चौधरी, डा रीता बोरा, मुन्नालाल जेएनकेजी कॉलेज, सहारनपुर, शारी. रिक शिक्षा में व्यवसायिक अवसर पर बोलते हुये कहा कि शारीरिक शिक्षा में कई व्यावसायिक अवसर उपलब्ध हैं, जैसे कि शिक्षक, कोच, फिटनेस ट्रेनर, खेल प्रबंधक, खेल पत्रकार, या खेल फिजियोथेरेपिस्ट बनना। डा सहदेव मान, शारीरिक शिक्षा विभाग, चौ0 छोटू राम डिग्री कॉलेज, ने योग शिक्षा में योग की परम्परागत विधियो का आधु. निक समावेश विषय पर कहा कि आधुनिक काल में योग का विकास कई तरह से हुआ है योग को आधुनिक जीवन में शामिल करने के लिए कई योग क्लिनिक, योग थेरेपी और प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं।

## मन्सूरपुर पुलिस ने बढ़ाई चौकसी



**मंसूरपुर।** होली और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसी के तहत पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च निकाल. कर सुरक्षा का जायजा लिया और लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मंसूरपुर कोतवाल सुभाष अत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने और जुमे की नमाज अदा करने की अपील की।

## पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण का समापन

**मीरापुर।** प्राथमिक विद्यालय मीरापुर नंबर एक में पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गौड़ के कुशल निर्देशन में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र स्वरूप जैन, विनोद कुमार एवं मनोज भारद्वाज ने 26 विद्यालयों से आए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सामान्य और दिव्यांग विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को एक साथ समावेशी शिक्षा प्रदान करना था। प्राथमिक विद्यालय मीरापुर नं. 1 के प्रधानाध्यापक आरिफ और समस्त स्टाफ ने इस प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए नोडल शिक्षक अजबसिंह, हरपालसिंह, सलीमुद्दीन, अमित कुमार, सतेंद्र, पवन सिंह, सविता, सुनीता, पारुल, सपना जैन, हिमांजली आर्य सहित कई अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मालिकाना हक को लेकर दुकानदारों व मंदिर के संचालकों में तीखी नोकझोंक







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के गांधी चौंक में मालिकाना हक जताते हुए दुकानों पर ताले लगाने को लेकर दुकानदारों और मंदिर के संचालकों के बीच तीखी नोंकझोंक और हंगामा हुआ। पिछले करीब एक सप्ताह से बंद पडी अग्रवाल गारमेंट की दुकान मालिक द्वारा कोर्ट का स्टे लेकर दुकान खोले जाने की सूचना पाकर मंदिर के संचालक बाबा मौके पर पहुंचे थे, जिसके बाद व्यापारी और मंदिर संचालक आमने सामने आ गए। व्यापारियों द्वारा दुकाने बंद कर मंदिर संचालकों का विरोध किया गया। सूचना पर एसडीएम सदर व सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को कडी फटकार लगाते हुए शांत कराया। पुलिस ने कोर्ट के स्टे के अनुसार यथास्थिति रखने के निर्देश दिए है, जिसके बाद बाबा मौके से चले गए।

शहर के गांधी चौंक स्थित भैरवनाथ मंदिर पर मालिकाना अधिकार को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चला आ रहा है। मंदिर पर पेहवा के महंत और शहर के टंकी रोड़ स्थित भैरवनाथ मंदिर के पीर शेरनाथ द्वारा अपना हक जताया जा रहा है, जिसे लेकर गत फरवरी 2024 में बाबा ने अपने दर्जनों संतों और अनुयायियों के साथ गांधी चौंक मंदिर पर कब्जा ले लिया था तथा मंदिर के किराएदार दुकानदारों को दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया था, इस अल्टीमेटम में विरुद्ध मंदिर के किराएदार दुकानदारों ने कोर्ट और राजनीतिक शरण ले ली थी। कुछ दुकानदारों ने कोर्ट से अपने पक्ष में स्थगनादेश ले लिया था। मंगलवार को शहर के अग्रवाल गारमेंट के संचालक संजीव बंसल द्वारा कोर्ट का स्टे लेकर दुकान को खोल दी और दुकान पर बैठ गए, जिसकी सूचना महंत पीर बाबा शेरनाथ के शिष्य बाबा कर्णनाथ को हुई जो अपने कुछ साथियों के साथ गांधी चौंक पहुंचे और दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए दुकानदार को बाहर निकाल दिया, जिससे दुकानदार व उसके परिजनों ने अन्य व्यापारियों को साथ लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामा इतना बढा कि दोनों पक्षों में धक्का मुक्की होने लगी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हंगामा कर रहे व्यापारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ही पक्ष अपने कब्जे को लेकर आमने सामने आ गए और जमकर गाली गलौच और धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने बीच बचाव भी कराया, लेकिन गांधी चौक के व्यापारियों ने दुकाने बंद कर कोर्ट के स्टे के अनुसार दुकान खोलने और बाबाओं को बाहर निकालने की मांग की। इसके बाद एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह भदौरिया, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री मौके पर पहुंचे। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स भी मौके पर बुलाया गया। दुकानदार संजीव बंसल द्वारा कोर्ट का स्टे दिखाया गया, जो दुकानदार के पक्ष में था। बाद में पुलिस ने बल पूर्वक बाबा के चेलों को दुकान से बाहर निकाला और बाबाओं को भी अपने साथ ले गई। बाद में सीओ सिटी कार्यालय में बाबाओं से वार्ता कर कोर्ट का स्टे दिखाया गया, जिसके बाद बाबा शांत होकर लौट गए। दुकानदार अपने दस्तावेज लेकर सीओ कार्यालय पहुंचे, उनका दावा था कि उन्होंने दुकान का बैनामा ले रखा है, न कि वे मंदिर के किराएदार हैं। इस अवसर पर विवेक प्रेमी, सुभाषचंद गर्ग, घनश्याम पारचा, बादल गौतम, अमित, देवाशीष बंसल, सुखचौन वालिया आदि मौजूद रहे।

**कोर्ट का है स्टे**

शामली। भाजपा नेता विवेक प्रेमी ने दुकानदारों का पक्ष लेते हुए अग्रवाल गारमेंट की दुकान में कोर्ट का स्टे होने के बावजूद बाबाओं को साथ लेकर दुकान में घुसे लक्ष्मण कौशिक के साथ जमकर कहासुनी की।

विवेक प्रेमी ने कहा कि जब वर्ष 2013 में दंगा हो रहा था तब बाबा कहा थे। उन्होने लक्ष्मण कौशिक पर अवैध रूप से हस्तक्षेप कर व्यापारियों को दुकानों को कब्जाने का आरोप लगाया। विवेक प्रेमी ने चेतावनी दी कि दुकानदारों की दुकानों पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की तो बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस दौरान व्यापारी विवेक प्रेमी के साथ रहे।

# एसडीएम ने ली धर्मगुरुओं की बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के मद्दे नजर उप जिला अधिकारी ने तहसील सभागार मे धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की जिसमें होली व जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

तहसील सभागार में होली के त्यौहार के मद्दे नजर धर्मगुरुओं व शांति समिति के बैठक आयोजित की गई जिसमें उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज ने होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने होली पर्व को देखते हुए जुम्मे की नमाज 2 बजे करने तथा हिंदू धर्म गुरुओं से होली का पर्व पहले मनाने की अपील की उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं अधिकारियों को होली का स्थल पर साफ सफाई करने के निर्देश दिए उन्होंने पुलिस को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए उन्होंने सभी पक्षों से त्योहार को भाईचारे व सौहार्द से मनाने की अपील की बैठक में तहसीलदार मृदुला दुबे ,थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा व दोनो समुदाय के धर्मगुरु शामिल रहे ।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम ने तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व बीएलओ के साथ मीटिंग की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए स

मंगलवार को एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव ने तहसील के सभागार कक्ष में राज्य निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों व बीएलओ के संग बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए हुई इस बैठक में बीएलओ को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, हटाने तथा शुद्ध किए जाने की प्रक्रिया संबंधित जानकारी बीएलओ को देते हुए नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने तथा मतदाता द्वारा उचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के उपरांत ही मतदाता के नाम या जन्म तिथि में सुधार करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। वहीं मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने से पूर्व आवेदक का सत्यापन निश्चित करने मतदाताओं का गृहवार भौतिक सत्यापन करते हुए अहर्ता प्राप्त युवाओं व महिलाओं को मतदाता सूची में शामिल किए जाने व विशेष दिवस के अवसर पर सभी बीएलओ अपने बूथ पर मौजूद रहकर प्रपत्र प्राप्त कर बीएलओ एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज करें। इस दौरान तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान व राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोजगार मेले का आयोजन 19 मार्च को

**शामली।** जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि आगामी 19 मार्च को सवेरे 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़ में एक रोजगार मेलें का आयोजन होगा। मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम, होली हर्ब्स, स्टार सोल्यूशन, पोस्टरिटी कन्सल्टिंग प्रा लि एवं पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर, हेल्पर, एजेंट आदि पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी को चयनित करेगी।

### गढ़ी अब्दुल्ला खां में चकरोड़ विवाद सुलझा, राजस्व टीम ने की पैमाइश

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में चकरोड को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्राम निवासी प्रताप पुत्र मलखान और बिलेंदर पुत्र माडू ने इस संबंध में ऊन तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समाधान की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ऊन ने राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर जांच और पैमाइश के आदेश दिए। मंगलवार को हल्का लेखपाल अंशु मलिक और अजीत पंवार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर पैमाइश की। इस दौरान गढ़ी अब्दुल्ला खां पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई गौरव चौहान, एसआई राजेश कुमार और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। राजस्व टीम ने दोनों पक्षों के खेतों की पैमाइश कर विवादित चकरोड का निस्तारण किया। इस संबंध में हल्का लेखपाल अंशु मलिक ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी दिनों से यह विवाद चल रहा था, जिसे आज निष्पक्ष रूप से सुलझा दिया गया है।

### अभद्र भाषा के प्रयोग पर हो कार्रवाई

**शामली।** व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले राजीव गर्ग के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग को लेकर व्यापारियों की बैठक हुई। मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार की जिला व नगर इकाई के पदाधिकारीयों की एक बैठक सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा राजीव गर्ग मेपल्स अकैडमी द्वारा 7 मार्च रविवार को संगठन के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के सम्मान में सार्वजनिक स्थल पर अभद्र भाषा व टिप्पणी की गई। जो घोर निंदनीय है। निर्णय लिया गया कि प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में अभद्रता करने वाले युवा पदाधिकारी राजीव गर्ग मेपल्स अकैडमी के विरुद्ध अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह व रवि संगल नगर महामंत्री ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में अभद्रता करने वाले व्यक्ति की वीडियो भी संलग्न भेज रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष चंद्र धीमान व जिला महामंत्री राजेश सिंघल नगर संगठन महामंत्री अनुज गोयल ने कहा ऐसे अमर्यादित व्यक्ति को संगठन से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी इस तरह का दुस्साहस न कर सके। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने अनुज गर्ग को संगठन से बाहर कर दिया। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश सिंघल, राजेश जैन, अनुज गोयल, रवि संगल, ऋषभ जैन, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन शुगर मिल गेट पर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की मांगों का समर्थन किया। किसानों ने मिल गेट और गन्ना सोसायटी पर तालाबंदी कर शीरा और चीनी को बाहर जाने से रोक दिया है। मंगलवार को किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो मिल के अन्य गेटों पर भी तालाबंदी की जाएगी।संयुक्त किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में किसानों ने साफ कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपने पशुओं को भी मिल गेट पर बांधने को मजबूर हो जाएंगे। उनका कहना है कि जब किसान धरने पर हैं तो घर पर पशुओं के चारे की व्यवस्था कैसे होगी? अब धरना स्थल पर ही खाना भी बनेगा और पशुओं को भी यहीं पर चारा खिलाया जाएगा।थाना भवन शुगर मिल पर किसानों का 230 करोड़ रूपए से अधिक गन्ना भुगतान बकाया है, जिसमें पिछले वर्षों का ब्याज भी शामिल है। किसानों का कहना है कि चार महीने से लंबित भुगतान में से सिर्फ 17 दिन की राशि दी गई है, जो उनके साथ खुला शोषण है। मंगलवार को धरना स्थल पर भाकिमजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह मुंडेढ़, किसान आयोग के अध्यक्ष विनोद निर्वाल, राजपूत उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम, प्रदेश अध्यक्ष सोमपाल, महासचिव प्रताप सिंह, किसान मजदूर पार्टी के निदेशक योगेंद्र सिंह युवा जन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव आसिफ भैंसानी पहुंचे और किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया।अजय सोम ने कहा, षकिसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजपूत उत्थान समिति किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।ष संघर्ष समिति के धीरज राणा, कपिल राणा और लाल्ला ठाकुर ने साफ किया कि जब तक पूरा भुगतान नहीं हो जाता, तब तक यह धरना दिन-रात जारी रहेगा। तीसरे दिन भी शुगर मिल का कोई अधिकारी किसानों से वार्ता के लिए नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो मिल के सभी गेटों पर पूरी तरह से तालाबंदी कर दी जाएगी।

धरना स्थल पर चीनू खेड़ा, लवी राणा, हरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, ताहिर अहमद, ठा। रामचरण सिंह, मुकेश राणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## जुमा व होली के मद्देनजर जलालाबाद में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद नगर पंचायत परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी विनय कुमार भदौरिया व सीओ भवन श्रेष्ठा सिंह द्वारा शांति समिति की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग में नगर के संभ्रन्त लोग उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी विनय कुमार भदोरिया ने कहा जलालाबाद कस्बा आपसी भाईचारे और सौहार्द के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पर सभी वर्ग के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। इस बार जुमा और होली का त्यौहार एक ही दिन पड़ने के सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि एक दूसरे की आस्था का सम्मान रखें। उन्होंने कहा कि रंग खेलना खुशी का प्रतीक है, लेकिन किसी के साथ जबरदस्ती न किया जाए। सभी को स्वेच्छा उत्सव मनाने का अधिकार है। जुमे के दिन नमाजियों को किसी प्रकार को परेशानी न हो इस चीज का भी ख्याल रखना चाहिए। किसी प्रकार का विवाद नहीं हो। दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाए। अगर कहीं परेशानी समझ में आती हो, तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। कोई नया कार्यक्रम किसी कीमत पर नही होगा। होलिका दहन के लिए कोई भी नया स्थान या नई व्यवस्था की इजाजत नही होगी। कोई भी कार्यक्रम करने से पहले वहां के जिम्मेदार अधिकारी की इजाजत लेना जरूरी है। सोशल मीडिया पर किसी अफवाह सूचना को फैलाने से हम सभी को बचना है, ताकि शांतिपूर्ण त्योहार मनाने में कोई आंच नहीं आए। बैठक में चेयरमैन जहीर मलिक, डा0 मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफ्फार, शेर जमा खान, उपेन्द्र गुप्ता, राशिद मेंबर, इकबाल मेंबर, गुलाम मोहम्मद, आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष जहीर मालिक, मुकेश शास्त्री, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और सामूहिक रूप से सौहार्दपूर्ण होली व जुमे की नमाज का कार्यक्रम का आश्वासन दिया। बैठक मे बडी संख्या मे नगर के जिम्मेदार लोगो व सभासदो की मौजूदगी रही।



**जलालाबाद नगर पंचायत परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक करते हुए।**

## पत्रकार संघ ने शोक सभा व होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित



**झिंझाना।** एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। पत्रकार संघ झिंझाना के अध्यक्ष हरेन्द्र मलिक ने हमारे पत्रकार साथी की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद सभी पत्रकार साथियों ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस स्कूल में झिंझाना पत्रकार संघ द्वारा एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष संदीप इंसा की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। संगठन के अध्यक्ष हरेंद्र मालिक ने पत्रकार राघवेंद्र की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद में एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। मीटिंग की अध्यक्षता हरेंद्र मलिक ने की तथा संचालन मेहरबान कुरैशी ने किया। सचिव हारून सैफी ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में हमेशा तत्परता से समाधान किए जाने का आश्वस्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। साथियों ने एक दूसरे को फूलों के साथ होली खेलकर शुभकामनाएं और बधाइयां दी। इस मौके पर पत्रकार संघ के संरक्षक विनोद जैन अध्यक्ष हरेंद्र मालिक,सचिव हारून सैफी कोषाध्यक्ष तस्लीम सादिक चौधरी मुबारिक अमित कुमार शाकिर अली मेहरबान कुरैशी जितेंद्र चौधरी कादिर आदि मौजूद रहे।

# सतलोक आश्रम में तीसरे दिन विशाल भंडारे का समापन

### आश्रम में 2100 लोगों ने ली नि:शुल्क नाम दीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में संत गरीबदास के बोध दिवस पर चले तीन दिवसीय में अखंड अमृतवाणी पाठ का समापन हुआ, इस पर अवसर पर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से तीन दिनों तक चले समागम में लाखों साध संगत ने आकर अमर वाणी का लाभ उठाया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अध्यात्मिक ज्ञान से प्रभावित होकर 2100 लोगों ने नाम दीक्षा प्राप्त की।

सतलोक आश्रम में चले संत गरीबदास के बोध दिवस पर चले तीन दिवसीय समागम के समापन अवसर पर अखंड अमृतवाणी पाठ का समापन हुआ, इस अवसर पर प्रदेश सहित हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़ आदि प्रदेशों से लगभग दो लाख साध संगत ने समागम में आकर अमर वाणी का लाभ उठाया।

क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने भी खुले भंडारे का आनन्द लिया। सतलोक आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को घर के लिए भी देशी घी के लड्डू का प्रसाद दिया गया। प्रदेश कोऑर्डिनेटर हरदेश दास ने बताया कि सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के आदेश अनुसार खाने, पीने, ठहरने, स्नान आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। समागम के दूसरे दिन रक्तदान शिविर लगाया गया था जिसमें 100 यूनिट रक्तदान किया गया तथा 8 दहेज रहित विवाह का आयोजन आश्रम की तरफ से किया गया। आयोजन पर संत रामपाल महाराज के अध्यात्मिक ज्ञान से प्रभावित होकर 2100 लोगों ने निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की।

# जुमे की नमाज को लेकर दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शामली में जिला प्रशासन द्वारा जिले के धर्म गुरुओं को बुलाकर मीटिंग किए जाने के बाद आज झिंझाना के मुफ्ती आजम ने भी कस्बे क्षेत्र वासियों से जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद अदा करने की अपील की। कस्बे के मदरसा नूरिया के मो. हतमिम मोहम्मद आजम कासमी ने एक वीडियो जारी कर लोगों से अपील की की होली व रमजान का जुम्मा एक साथ आने से हम लोगों को प्यार मोहब्बत से दोनों काम करने हैं जुम्मा की नमाज भी पढ़नी है और रंगों का त्यौहार भी मनाना है इसलिए उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 2 बजे तक होली खेलने के बाद 2 बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा करें अपनी-अपनी मस्जिदों में सभी हाफिज टाइम का ध्यान रखते हुए टाइम को आगे पीछे कर जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद ही अदा कराए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को सभी त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए सभी त्योहार मिलजुल कर मनाएं इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार युसूफ कुरैशी यूनुस कुरैशी कारी इरशाद हाफिज वकील हाजी रईस आदि लोगों ने भी क्षेत्र व कस्बे के लोगों से सभी त्योहार मिल जुलकर मनाने की अपील की।

## हाथ में रिवाल्वर लिए फोटो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक युवक का रिवाल्वर के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल फोटो में युवक हाथ में रिवाल्वर लिए हुए है, जिसकी पुष्टि भी पुलिस द्वारा नहीं की गई है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो हाथों में रिवाल्वर लिए गए वायरल हुआ। वायरल फोटो में युवक हाथों में रिवाल्वर लेकर सेल्फी खींचे हुए है और उसके द्वारा उक्त फोटो को सोशल मीडिया पर डाला गया है। बताया जाता है कि फोटो में दिखने वाला युवक मौहल्ला कलंदरशाह निवासी राशिद बताया जा रहा है। हालाकि फोटो में दिखाई दे रहा रिवाल्वर असली है या नकली इसकी जांच कोतवाली पुलिस करने में जुट गई है। वायरल फोटो में दिखने वाला युवक टैक्सी ड्राईवर है, जो टैक्सी चलाने का काम करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार पेड़ से टकरा कर खाई में पलटी एक की मौत

**हल्दौर।** गांव नवादा तुल्ला नहर पर एक कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में पलट गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। अपने दादा ट्रक चालक को खाना देने नवादा तुल्ला में एक ढाबे पर जा रहा था।

गांव वाजिदपुर निवासी रोहित कुमार का 15 वर्षीय इकलौता बेटा जतिन कुमार कक्षा नौ का छात्र था। ग्रामवासियों के अनुसार उसके दादा ओमवीर ट्रक चालक है। उसके दादा का घर पर खाना आदि सामान देने के लिए फोन पहुंचा। जतिन अपने मुमेरे भाई को साथ लेकर नवादा नहर पर कार में सवार होकर नवादा तुल्ला जा रहे थे। इसी दौरान सामने आ रहे किसी वाहन को बचाने को लेकर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में जा गिरी। कुछ राहगीरों ने दोनों को बाहर निकाला और सूचना परिजनों को दी। परिजन उपचार के लिए दोनों को बिजनौर ले गए। जहां चिकित्सकों ने जतिन को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# टैक्स जमा न करने पर दर्जनभर दुकानें सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बकायादारों पर नगर निगम लगातार शिकंजा कस रहा है। निगम के राजस्व विभाग ने बकाया टैक्स जमा न करने पर करीब दो दर्जन दुकानों/भवनों पर सील की कार्रवाई की। अनेक भवन स्वामियों ने सील से बचने के लिए आनन फानन में मौके पर बकाया जमा कराया। निगम द्वारा दो लाख रुपये से अधिक वसूल किये गए।



नगर निगम टैक्स वसूली के लिए लगातार बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने जोन एक के वार्ड 59 जोगियान पुल व जाफरनवाज में बकायादारों से वसूली के लिए भवनों को सील करने की कार्रवाई शुरु की तो बकायादारों में हड़कंप मच गया। अनेक बकायादारों ने सील की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही बकाया जमा कराया। ऐसे बकायादारों से निगम द्वारा कुल 2 लाख एक हजार 346 रुपये बकाया वसूला गया है।

कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जोगियान पुल स्थित एक दुकान स्वामी पर 32 हजार से अधिक बकाया होने पर दुकान को सील किया गया। जाफर नवाज में भवन संख्या 4/801 की दुकानों पर 41 हजार 283 टैक्स बकाया होने पर भवन की आठ दुकानें सील की गयी। इसी तरह मटिया महल में एक भवन स्वामी पर 48 हजार 688 रुपये बकाया होने पर सील की कार्रवाई की गयी। करीब एक दर्जन दुकाने सील की गयी।

कार्रवाई के दौरान कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक राणा, टीसी तनवीर आफताब के अलावा प्रवर्तन दल के अधिकारी मौजूद रहे।

## रूठे हुए को मना लें: संतोष दीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मिल जुल कर प्रेमपूर्वक मनाएं त्यौहार-उक्त विचार ब्रह्मकुमारी सन्तोष दीदी जी ने व्यक्त किए।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली पर आयोजित कार्यक्रम में संतोष दीदी ने कहा कि रूठे हुए को मना लेना चाहिए और यदि अपनी गलती हो क्षमा मांगने में देर नही करनी चाहिए क्योंकि क्षमा मांगने वाला कभी छोटा नही होता। संगीता दीदी ने कहा कि परमपिता ने मनुष्य को एक दूसरे का पूरक बनाया है इसलिए किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नही किया जाना चाहिए। प्रीति दीदी ने राजयोग के द्वारा परमात्मा अनुभुति कराई। जितेन्द्र ने कहा कि होली प्रेम उल्लास और जीवन में खुशियाँ लाने वाला त्यौहार है। सुशील भाई ने कहा कि हमारा व्यवहार दूसरों के साथ अच्छा होना चाहिए।

# मतदाता सूची में सुधार को दिए सुझाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** एसडीएम संगीता राघव की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजन किया गया।

मंगलवार को यहां तहसील सभागार में नए वोटर पंजीकरण व एक व्यक्ति के दो स्थानों पर वोट दर्ज होने जैसी विसंगतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी संगीता राघव ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची को शुद्ध किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न दलों के पदाधिकारियों ने भी अपनी राय रखी।

मतदाता सूची में सुधार को लेकर एसडीएम को सुझाव भी दिए। एसडीएम संगीता राघव ने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, चुनाव में निष्पक्षता के साथ ईमानदारी से कार्य होगा। वहीं तहसीलदार जसम. ेंद्र सिंह ने मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया को लेकर जानक. ारी दी। उन्होंने आम जनता से जागरूक रहने की अपील की। बैठक में पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, सुभाष चौधरी, शोएब सिद्दीकी, मेघराज सिंह, सुंदर पाल फौजी, संदीप कर्णवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एक शिकायत का तत्काल निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने रमजान एवं होली आदि पर्वो के मद्देनजर सभी धार्मिक स्थलों के आस पास विशेष साफ सफाई के आदेश स्वास्थय विभाग को दिए हैं। वार्ड 25 कोरी माजरा के दीपक कुमार ने कोरी माजरा में धार्मिक स्थलों के निकट साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके अलावा वार्ड 6 बालपुर की सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई। बाकि शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए।

उपरोक्त शिकायतों के अतिरिक्त वार्ड 27 रोहिणी गार्डन की आशा ने कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने के लिए तथा वार्ड 36 मुस्तफाबाद कॉलोनी के अलताफ ने एक महिला द्वारा सड़क पर शौचालय बनाकर सरकारी रास्ते पर किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 6 हलालपुर के मेघराज ने गृहकर व जलकर बिल ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेराई सत्र 12 मार्च को हो जाएगा बंद

**नकुड़।** वेव इंडस्ट्रीज बिडवी शुगर मिल पेराई सत्र 12 मार्च को बंद होगी। मिल प्रबंधन ने किसानो से अपने बचे गन्ने को 12 मार्च तक मिल मे डालने की अपील की है।

यहां बीड्वी शुगर मिल के प्रधान प्रबंधक ने गन्ना समितियों को भेजे पत्र में कहा गया है मिल गेट एवं बाहय केन्द्रो पर 1 मार्च से निरंतर खरीद चल रही है। मिल बंदी की द्वितीय सूचना दिए जाने के बावजूद भी गेट व बाहय केन्द्रो पर गन्ना आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे स्पष्ट है कि कृष्को पर मिल हेतु गन्ना समाप्त हो गया है। लेकीन फिर भी यदि किसी कृषक के पास गन्ना शेष रह गया है, तो आगामी 12 मार्च तक मिल के गेट पर गन्ना आपूर्ति किया जा सकता है। इसके बाद पेराई सत्र 2024, 25 के लिए मिल अंतिम रूप से बंद हो जायेगी।

# मंदिर का ताला तोड़ चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव सरसीना में चोरों ने एक ही रात में दो चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर ग्रामीणों में दहशत फैला दी है, ग्रामीणों ने चोरी की घटना पर चिंता व्यक्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को देर रात नागल थाना क्षेत्र के गांव सरसीना में अज्ञात चोरों द्वारा राधा कृष्ण मंदिर को निशाना बनाया गया। जिसमें रखे दानपात्र, इन्वर्टर बेट्रे सहित अन्य सभी सामान को चोरी कर चोर रफूचक्कर हो गए जबकि मन्दिर में रखी राधा कृष्ण की प्रतिमा सुरक्षित दिखाई दी। इसके अलावा चोरों का तांडव यही नहीं रूका जिसके बाद उन्होंने बेदू पुत्र मंगतराम की ट्यूबवेल पर भी सेंधमारी की और उसके विधुत उपकरण चोरी कर गांव में दहशत फैला दी।मंगलवार को सुबह ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए



बताया कि जब वह सुबह करीब पांच बजे घर से बाहर निकले तो मन्दिर का दरवाजा खुला हुआ था। जिसे देखकर कुछ घटना घटित होने का आभास प्रतीत हुआ।जिसे देखकर उन्होंने इसकी जानकारी मन्दिर संचालक प्रेम सैनी को दी। देखते ही देखते चोरी की घटना गांव में आग की तरह फैल गई और प्रेम सैनी के साथ सर्व समाज के लोग मन्दिर परिसर में एकत्रित हो गए। जिन्होंने घटना की निंदा करते हुए डायल 112 पर जानकारी देकर पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक स्थल में चोरी की घटना चिंताजनक है।उधर ग्राम प्रधान पति सचिन सैनी का कहना है कि मंदिर में चोरी की घटना से सभी ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। इसलिए गांव के मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि घटना की पुनरावृत्ति ना हो।धार्मिक स्थल में हुई चोरी की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और नागल थाना अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बोद्ध पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए ग्रामीणों को घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राशन डीलर अमित त्यागी, महिपाल त्यागी, पिंटू त्यागी, प्रेम सैनी, बबलू सैनी, अनुज सैनी, राजेंद्र पाल, अमित पाल, संदीप पाल, सोनू पाल और श्रवण पाल के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट तक किया पैदल मार्च



**सहारनपुर।** आज संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास छात्रावास से एक शांति पूर्ण पैदल मार्च सभी धम्म यूनिट के कार्यकर्ता तथा श्री गुरू रविदास सेना भारत के जिले के सभी साथियों ने जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च हुआ।

पैदल मार्च के दौरान श्री गुरु रविदास है ना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि भारत एक संवैधानिक देश है यहां पर शांतिप्रिय लोग रहते हैं यहां पर सभी धर्म के लोगो को अपनी अपनी बात रखने का पूरा-पूरा संवैधानिक अधिकार है संविधान में अपनी आस्था रखते हुए हमारी भारत सरकार से मांग है कि तथागत बुद्ध की धरोहर को बचाने का कार्य करें। ज्ञापन देने वालों में रिटायर्ड इंजीनियर नरेश, इंस्पेक्टर राजपाल अंबेडकर सुशील कुमार विवेक कुमार बदलू बौद्ध राजकुमार बौद्ध प्रधान राजकुमार सपना बौद्ध सीमा बौद्ध आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर सौहार्द व भाईचारे की मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** रमजान शरीफ के पाक माह में 10 दिन की तरावीह में कुरान ए पाक मुकम्मल होने पर सभी अकीदतमंदों द्वारा हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, सलामती, अमनो अमान, आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं कौम की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई।

सोमवार को देर रात्रि के समय नगर के मोहल्ला मजहर हसन में नगर पंचायत के भूतपूर्व चेयरमैन मो. फारुख उर्फ भूरा कुरैशी मरहूम के छोटे भाई मो. आजम कुरैशी ठेकेदार के आवास पर चल रही दस रोज की तरावीह में कुरआन ए मुकम्मल हुआ। कुरान मुकम्मल होने की खुशी में मजलिस को खिताब करते हुए मुफ्ती हैदर अली ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने बताया कि बहुत खुशनसीब है वो लोग जिन्हें रमजान मुबारक के रोजे रखना नसीब होता है।



जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुअव्वज ने अपने बयान में माँ बाप की अहमियत को समझाया। उन्होंने कहा कि हमे हर हाल में अपने माँ बाप की खिदमत करनी चाहिए, माँ बाप का दिल कभी नही दुखाना चाहिए। जो शख्स अपने माँ बाप का दिल दुखाता है, उन्हें नाराज रखता है उसकी इबादत भी अल्लाह के यहां कुबूल नही होती है। मजलिस के अंत मे मौलाना मुअव्वज ने दुआ करवाई, सभी अकीदतमन्दों ने हाथ उठाकर आमीन कहा। दुआ पूरी होने के बाद अकरम अक्की कुरैशी द्वारा सभी अकीदतमंदों को तबर्रुख के तौर पर मिठाई बांटी गई।

इस दौरान मौलाना हारून कासमी, कारी मो. राशिद, कारी मो. नदीम, कारी मो. साजिद, इकराम लाला कुरैशी, आजम कुरैशी, शहजाद, गुल्लू चेयरमैन, चाँद, शुएेब मोनू, अर्स जोनू, शाह शोहराब, उमर उर्फ मुन्ना, असलम खान, वहाब खान, इब्राहिम, हाजी अफजाल, हाजी फैजान, हाजी सलीम सोनू, रिजवान, रियासत, सरफराज सोनू, साजिद फक्कर, रहमान, हाजी हफीजुर्रहमान, सरफराज अली, सोनू कुरैश, रोबिन अफजल, फरमान आदि लोग मौजूद रहे।

# सुबोध कुमार बनाए गए एसडीएम सदर

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर निवासी किसान वेदप्रकाश आत्महत्या प्रयास प्रकरण मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक को नही हटाया गया है। उक्त प्रकरण में एसडीएम सदर को हटा दिया गया है उनकी जगह सुबोध कुमार को एसडीएम सदर बनाया गया है।

ज्ञात हो कि किसान सरदार वेदप्रकाश आत्मदाह प्रयास प्रकरण में सोमवार को सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हुई थी। जिसमे बताया जा रहा था कि डीएम व एसएसपी की संयुक्त बैठक के बाद उपरोक्त प्रकरण में एसडीएम सदर व चिलकाना थाना प्रभारी को उनके पद से हटा दिया गया है। थाना प्रभारी को पद से हटाये जाने की खबर नगर में चर्चा का विषय बन रही थी।

नगर में कई जगहों पर लोग चर्चा करते हुए नजर आ रहे थे कि थाना प्रभारी ने अपनी जान पर खेलकर पीड़ित किसान के शरीर पर लगी आग को बुझाया था। थाना प्रभारी की कार्यशैली भी ठीक ठाक रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विवादित जमीन पर कार्यवाही चल रही थी। फिर भी उनको क्यों हटाया गया है। शाम होते होते थाना प्रभारी को हटाए जाने की खबर झूठ साबित हुई। जहां डीएम मनीष बंसल के आदेश पर एसडीएम सदर को हटा दिया गया। वहीं एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सोशल मीडिया पर थाना कोतवाल को लाईन हाजिर किये जाने वाली खबर को गलत बताते हुए कहा कि फिलहाल मामले की जांच चल रही है। उपरोक्त प्रकरण के बाद जहां प्रशासन व राजस्व टीम की निन्दा की जा रही है। वहीं किसान के शरीर मे लगी आग को खुद की जान पर खेल बुझाने को लेकर नगरवासी प्रभारी निरिक्षक कपिल देव की प्रशंसा करते हुए नजर आ रहे है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कपिल देव ने अपनी जान पर खेल आग की लपटों को बुझाया। किसान वेदप्रक. ाश के शरीर मे लगी आग को बुझाते हुए उनके हाथ भी झुलस गये थे।

# होलिका दहन में गोबर के उत्पादों का करें प्रयोग: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने होली पर्व के अवसर पर हो. लिका दहन हेतु गो आश्रय स्थलों में गाय के गोबर से निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रयोग किए जाने के संबंध में कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता, हर्ष उल्लास एंव जीवन के विभिन्न रंगों, सुख तथा समृद्धि का प्रतीक है। गाय हमारी रीति रिवाज और संस्कृति का अभिन्न अंग है। गाय के गोबर तथा दूध का उपयोग सभी मांगलिक कार्यों में किया जाता है।

विदित है कि होलिका पर्व के दौरान होलिका दहन में भारी मात्रा में लकड़ी का उपयोग किया जाता है, जिसके फलस्वरूप वृक्षों से लकड़ी की कटाई किये जाने से पर्यावरण भी प्रभावित होता है। होली के दौरान गोबर के उत्पादों का प्रयोग किये जाने से वृक्षों का कटान कम होगा, पर्यावरण सुरक्षित होगा तथा प्रदूषण भी नियंत्रित हो सकेगा, इसके साथ-साथ गो आश्रय स्थलों को अतिरिक्त आय होगी।

श्री बंसल ने कहा कि आगामी होली के पर्व पर होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर अधिक से अधिक मात्रा में गोबर से बने हुए विभिन्न उत्पादों का प्रयोग किया जाए। गो आश्रय स्थलों में उत्पादित गोबर से गोबर के उपले तथा गोबर लॉग तैयार किये जा रहे हैं, जिनकी बिक्री से गो आश्रय स्थलों को अति. रिक आर्थिक संसाधन उपलब्ध हो रहा है। जनपद के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया जाता है, जिससे लकड़ी के साथ-साथ गाय के गोबर से तैयार बलगोरियों/बल्ले तथा उपले होलिका में डाले जाते हैं। आगामी होली पर्व पर लकड़ी के स्थान पर अधिक से अधिक गाय के गोबर से तैयार उपलों तथा गोबर लॉग का प्रयोग किये जाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं।

होली पर्व के दृष्टिगत गो आश्रय स्थलों में उपलब्ध गोबर से गोबर के कंडे तथा गोबर लॉग का उत्पादन स्वयं सहायता समूहों की मदद से किया जाए। होली के पर्व एवं होलि. का दहन से संबंधित आयोजन समितियों से मिलकर गोबर से तैयार बलगोरियों/बल्ले, उपले तथा गोलॉग उत्पादों को गो आश्रय स्थलों से क्रय किये जाने हेतु उन्हें प्रेरित किया जाए। गाय के गोबर से तैयार गोकास्ट लकड़ी की तुलना में सस्ता होता है। इन उत्पादों की बिक्री गो आश्रय स्थलों, स्वयं सहायता समूह बिक्री केन्द्र, कृषि, डेयरी तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के विभिन्न आउटलेट्स से की जा सकती है। होली के पर्व पर गो आश्रय स्थलों के आर्थिक स्वावलंबन हेतु इन प्रयासों में सबंधित समन्वयकारी विभाग यथा पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं गृह विभाग द्वारा समेकित प्रयास किये जाएं।

## कीर्तन का आयोजन

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र के मंदिरों में फाल्गुन एकादशी के उपलक्ष्य भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण व अन्य भजनों की गूज से श्रद्धालु नाचने गाने लगे।

लक्ष्मी नारायण मंडल द्वारा संच. ालित लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा की ज्योति कमल कुमार द्वारा प्रज्वलित करने के बाद भजन गायकों ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता नृत्य करने लगे। राकेश गोयल, सोनू पंडित, शिवा नामदेव, नितिन गोयल, संजय, मुरारी लाल बजाज आदि गायकों ने देर रात तक खूब भजन गाए व श्रोताओं को भक्ति रस में सरोबार रखा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में बाबा श्याम के चरणों में फूलों को समर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भी जमकर एक-दूसरे पर फूल बरसाए। कर्ण गोयल, बृजमोहन वर्मा, अनिल नामदेव, सुशील मित्तल आदि मौजूद रहे। सलारपुरा में निर्माणाधीन खाटू धाम पर मंगलवार दोपहर में बाबा का गुणगान आयोजित किया गया। तीसरे पहर तक कार्यक्रम चलता रहा। गतिक सिंगला करनाल, रिमांशु सिंघल व शिवम मित्तल रामपुर ने बाबा को खूब रिझाया। संरक्षक लो. केश कुमार, अध्यक्ष पायल बंसल, सचिव विकास माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष जोनी मौजूद रहे।

# किसानों ने सौंपा मांग का ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों व जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र समाधान कराए जाने की माँग की है।

मंगलवार को किसान मजदूर संगठन के तहसील कार्यालय पहुँचे और किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।बाद में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार राधेश्याम शर्मा को ज्ञापन सौंपा जिसमें बिजली की जर्जर लाइनों को तुरंत बदले जाने,हरिद्वार से नई दिल्ली नेशनल कॉरिडोर के साथ हलगोया से बड़गांव तक सर्विस रोड पक्की कराई जाए तथा कॉरिडोर में आई किसानों की जमीन का



मुआवजा जल्द दिलाया जाए।गन्ना मिलों से शीघ्र भुगतान कराया जाए।ग्रामों में अधूरी पड़ी पानी की टँकीयों को पूरा कराया जाए।

कुशलपाल फौजी,तहसील अध्यक्ष कुशलपाल सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष राजीव कुमार,जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर सिंह,ओमवीर सिंह,हेमसिंह पुंडीर, विनोद राणा,अजीत राणा,प्रदीप, गोल्डी राणा,जॉनी राणा,विकास,सोनू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

**सूचना**

I Have changed my name from kajal Tanwar To Kajal In future for all purposes. I Shall Be Known & addressed as kajal W/o Tushar Thakur R/o 94 Opp. Kali Mandir Mishran Saharanpur

**सूचना**

मेरे पुत्र तुषार ठाकुर के शैक्षिक प्रमाणपत्र में मेरा नाम अनिल ठाकुर दर्जी है जिसको बदलकर मैंने अपना नाम अनिल पाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**अनिल पाल पुत्र श्री नेत्रपाल निवासी एन-94 काली मन्दिर के सामने मिशरान सहारनपुर।**

# किसान कैसे मनाए होली, ईद: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि जिले की चीनी मिलों पर किसानों का 521 रुपये गन्ना भुगतान बकाया है।

भगत सिंह वर्मा आज चिलकाना रोड कार्यालय पर एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले की चीनी मिलों पर 521 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है और पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज जिले की चीनी मिलों पर 650 करोड रुपए ब्याज बकाया है। चीनी मिलों से गन्ना भुगतान व ब्याज नहीं मिलने के कारण गन्ना किसान एक एक रुपए के मोहताज हैं। जिले के गन्ना किसान कैसे होली और ईद मनाये।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि गन्ना उत्पादन लागत 550 रुपए कुंतल है। सरकार चीनी मिलों से गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान मात्र 360 रुपए कुंतल भी समय से नहीं दिला पा रही है।

गन्ना किसान 1 वर्ष तक मेहनत करके लागत लगाकर गन्ना उत्पादन करता है। फिर गन्ने को चीनी मिलों में डालता है।

बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री रामकुमार नेता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज खान प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद जहीर तुर्की प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश सचिव ऋषिपाल गुर्जर प्रदेश सचिव डॉक्टर परविंदर मलिक मंडल मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह मंडल उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह बंटी जिला उपाध्यक्ष वसीम जहीरपुर जिला मंत्री मुकर्रम प्रधान आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी ने किया और संचालन प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने किया।

# साजिश का खुलासा, एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** सरसावा सहारनपुर मार्ग पर बोंसा पुलिया के समीप हाईवे पर पशुओं के कंकाल रखकर हाईवे जाम करने व जनता में वैमनस्यता फैलाने एवं धर्म मूल वंश के शत्रुता फैलाने वाले अपराधी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया गया।

मंगलवार को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुता. बिक दोपहर करीब 02:00 बजे विशु सिंह कंबोज पुत्र जसवंत सिंह कंबोज निवासी राधा गोपाल नुमाइश कैंप थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर अपने साथियों के साथ मिलकर पुराने चार मृत पशुओं के सर के कंगाल अंबाला हाईवे बोंसा पुलिया के पास रखकर हाईवे को जाम करने तथा पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने एवं जनता में जनता में वैमनस्यता फैलाना एवं धर्म मूल वंश के बीच शत्रुता फैलाने के उद्देश्य से हाईवे पर जाम लगाने के अपराधी को थाना सरसावा पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि यह चारों कंकाल मुझे मेरे दोस्त टीपू कुरैशी निवासी 62 फुटा रोड इंदिरा चौक निकट यामीन मस्जिद सहारनपुर ने यह कह कर दिए हैं कि तुम ही ने सरसावा क्षेत्र में हाईवे पर रखकर पुलिस पर दबाव बनाकर नारेबाजी करनी है और मैं मौके पर आकर जिससे मेरी रंजिश चल रही है उसका नाम ले लूंगा वह जेल चला जाएगा किसकी आवाज में मैं तुम्हें मुंह मांगी रकम दूंगा अभियुक्त ने बताया कि मुझे पेशी के तौर पर टीपू कुरैशी ने आठ दिन पहले पचास हजार रुपए दिए थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना सरसों प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक नीरज कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह, उप निरीक्षक महेश सिंह, उप निरीक्षक विनय कुमार, हेड कांस्टेबल उत्तम राठी, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल विनीत तोमर शामिल रहे।

❑**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अर्चना द्विवेदी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विभिन्न बिन्दुओं एवं सुझावों के सम्बन्ध में जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ विचार विमर्श हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 18 मार्च को होगी।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाए सम्मान से नवाजी

**सहारनपुर।** लायंस क्लब सहारनपुर सेंट्रल के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्लब से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा महिलाओं को हार पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनके द्वारा समाज, परिवार, व्यवसाय और देश की उन्नति में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब के अध्यक्ष संजय भसीन एवं सचिव मंजीत सिंह ने कहा कि भारतीय परंपरा में महिलाओं का सर्वोच्च स्थान है। हमें भी चाहिए कि हम अपने परिवार की सभी महिलाओं का सम्मान करें और उनके द्वारा देश व समाज को दी जा रही सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद करें। इस अवसर पर क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों ने गीत, संगीत, नृत्य के साथ चन्दन का टीका लगाकर व फूलों से होली खेलकर त्योहार को सदभाव व प्रेम के साथ मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम क्लब के अध्यक्ष संजय भसीन, सचिव मंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, डी. एस. जुनेजा, शीतल टण्डन, कवर दीप डंग, हरप्रीत सिंह गोगिया, नरेश कुमार, सुनील पुरी, विराट सिंह, विक्रांत मेहंदीरत्ता, विजय अत्री, मनीष वालिया, चरणजीत सिंह, अतुल गांधी, शालिनी भसीन, प्रेरणा पुरी, आशा कुमार, प्रीति शर्मा, देवेंद्र कौर, पूजा सिंह, डॉ. मानसी मेंदीरत्ता, सुमन अत्री, सुप्रिना भसीन, डाली गोगिया, अरविंदर कौर आदि मौजूद रही।

# चोर सीसी कैमरे हुआ कैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चोरी करने के इरादे से घुसा चोर वहां लगे सीसी कैमरों में कैद हो गया। हालांकि चोरी का प्रयास करने के दौरान उसने मंदिर में रखी मूर्तियों के शोकेस को खोलने का प्रयास किया। लेकिन कामयाब न होने पर वह वहां से खाली हाथ जाने को मजबूर हो गया।

नगर स्थित मोहल्ला जनकपुर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में देर रात अज्ञात चोर घुस गया। जिसकी जानकारी मंगलवार को सीसी कैमरे में देखने से हुई। जिसके बाद एकत्र हुए मोहल्लेवासियों ने आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए आरोपी की पहचान कर पुलिस से उसके के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली में दी तहरीर में हिंमाशु शर्मा ने बताया कि सीसी कैमरों में



कैद आरोपी देखने में दूसरें समुदाय का प्रतीत हो रहा है। वहीं भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने भी मंदिर पहुंच स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के आरोपी के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राम मोहन सैनी, अनुपम वशिष्ठ, अभिषेक, संजीव बंसल, राहुल मित्तल, पंकज अग्रवाल आदित्य गर्ग, राधेश्याम गर्ग और रजत वशिष्ठ आदि ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**देवबन्द।** बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में मोहल्ला बैरुन कोटला में बंद पड़े प्राचीन मंदिर में पुलिस चौकी बनवाए जाने की मांग की है। सीएम को भेजे पत्र में कहा कि यहां से हिंदू आबादी के चले जाने से मंदिर खंडहर में तब्दील हो चुका है बीते 30-32 वर्षो से मंदिर में कोई मूर्ति भी नहीं है। वर्षो से बंद पड़े मंदिर को समाज के लोगों ने जागृत करने का प्रयास किया है। लेकिन उक्त क्षेत्र में हिंदू आबादी नहीं है जिसके चलते मंदिर भविष्य में भी वीरान हो सकता है इसलिए मंदिर को सुरक्षित रखने के लिए मंदिर का जीर्णोद्धार कर परिसर में पुलिस चौकी को स्थापित कराए जाने को आदेश दिए जाए।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमजान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुकद्दस माह ए रमजान की विशेष नमाज तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल होने का सिल. सिला आरंभ हो गया है। रमजान की दसवीं शब में अबुल बरकात और मोहल्ला खानकाह में तरावीह मुकम्मल होने पर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआंए की गई।

मोहल्ला अबुल बरकात स्थित ब्राइट प्रिंट हाऊस में हाफिज हमजा अंसारी ने कुरआन पाक मुकम्मल कराया। इस दौरान मजलिस इत्तेहाद-ए-मिल्लत के सचिव अथर उस्मानी ने कहा कि कुरआन में जिस चीज को हजारों साल पहले बता दिया गया वे आज सच साबित होकर पूरी दुनिया के सामने है। उन्होने कहा कि तरावीह मुकम्मल होने के बाद भी पूरे रमजान कुरआन सुनने और सुनाने का सिलसिला जारी रखें। अंत में मुल्क में अमनो अमान और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर सादिक अंसारी, रिहान फारुकी, सुल्तान फारूकी, आरिफ कुरैशी, समद खां, आलिम खां, शारिम अंसारी अदी अंसारी, दाउद मलिक, अरसलान गौड, अब्दुल अहाद, फैजी



सिदद्की, चांद मलिक, आतिफ सिदद्की, आसिफ कुरैशी, मौहम्मद शाहनवाज़, साजिद कुरैशी आदि शामिल रहे। उधर, मोहल्ला खानकाह स्थित एक प्रतिष्ठान पर चल रही तरावीह में दारुल उलूम के उस्ताक कारी इकराम के बेटे हाफिज मोहम्मद अहमद ने कुरआन पाक मुकम्मल कराया। दारुल उलूम के उस्ताद कारी तैयब कहा कि रमजान रहमतों व बरकतों का महीना है। रमजान पाक का कुरान से खास नाता है। कुरान रमजान के महीने में ही उतारा गया।

इस दौरान उलमा हाफिज अहमद की दस्तारबंदी भी की। इस मौके पर मोहम्मद महमूद, वसीम, शौकीन, मौलाना सुलेमान, कारी मुनव्वर आदि मौजूद रहे।

# जमीयत ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के निर्णय का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हल्द्वानी हिंसा मामले में पुलिस ज्यादती के शिकार 22 आरो. पियों की डिफॉल्ट जमानत याचिका पर मंगलवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाते हुए रिहाई का आदेश दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने अदालत के फैसले को स्वागत योग्य बताया है।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रेस सचिव मौलाना फजुलर्रहमान कासमी ने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष के निर्धारित समय सीमा में आरो. पियों के खिलाफ जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल न करने के कारण तकनीकी आधार पर उनकी डिफॉल्ट जमानत मंजूर की। हाईकोर्ट ने आरो. पियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया था। जमीयत की हल्द्वानी इकाई मामले की पैरवी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरवरी 2024 से जेल में बंद थे। हल्द्वानी सेशन कोर्ट ने 3 जुलाई 2024 को उनकी डिफॉल्ट जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उत्तराखंड हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि निचली अदालत का जांच एजेंसी को आरोपियों के खिलाफ जांच पूरी करने की अनुमति देने वाला आदेश अवैध है। इसे खारिज किया जाता है। अदालत ने आगे कहा कि यूएपीए कानून के तहत जांच एजेंसी को निर्धारित समय सीमा में जांच पूरी करनी होती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। इसलिए आरोपियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर की जाती है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है और जमानत पाने वालों के परिवारों के लिए यह खुशी का अवसर है, जो लंबे इंतजार के बाद आया है। मौलाना मदनी ने इस बात पर गहरी निराशा व्यक्त की है कि ऐसे मामलों में पुलिस और जांच एजेंसियां जान बूझकर अड़चनें पैदा करती हैं और चार्जशीट दाखिल करने में बहाने बाजी अपनाती हैं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी हिंसा में पुलिस की अवैध फायरिंग से सात निर्दोष लोगों की मौत हुई थी, लेकिन उनकी कोई चर्चा नहीं करता। यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है।

# कौशल विकास नौजवानों के आगे बढ़ने की सीढ़ी: मंत्री यशवीर सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ के देवनागरी महाविद्यालय में युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) चौधरी यशवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के



किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य प्रोफेसर बी, एस यादव और जॉइंट सेक्रेटरी संजीव त्यागी ने फूल माला एवं पुष्प भेंट कर मंत्री यशवीर एक स्वागत किया। मंत्री ने कॉलेज में हुई खेल खुद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायक व काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओ में विजयी हुऐ छात्रों को पुरस्कार वितरित किए साथ ही उन्होंने कहा कि कौशल विकास नौजवानो की आगे बढ़ाने की एक सीडी है कौशल विकास में निपुण होकर अपना उद्योग लगा करके नौकरी देने का काम करो ना की नौकरी मांगने का। इसलिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को आगे बढ़ने का काम किया है और प्रतियोगिता में भाग लाने वालों सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुऐ उनके उज्वाल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मस्जिदों में मोबाइल फोन के गैर जरूरी इस्तेमाल से बचें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन की ओर से शुरू हेल्पलाइन पर रोजेदार अपनी शंकाओं को दूर कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उलमा ने मस्जिदों में मोबाइल फोन के गैर जरूरी इस्तेमाल को गलत और इबादत में खलल डालने वाला करार दिया।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि रमजान माह में अल्लाह की इबादत करने के साथ ही हलाल रिज्क (खाना) का भी ख्याल रखा जाना चाहिए। जिस तरह जहर शरीर के लिए खतरनाक होता है उसी तरह हराम रिज्क भी दीन के लिए खतरनाक है।

**सवाल:** मुजफ्फरनगर निवासी असद ने पूछा कि सोशल मीडिया और मोबाइल का दौर है। कई लोग रोजे की हालत में मोबाइल पर गेम खेलते हैं या सोशल मीडिया पर वक्त गुजारते हैं। इतना ही नहीं मस्जिदों में भी नमाज से पहले और बाद में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। क्या यह सही है।

**जवाब:** जो लोग रमजान के एहतराम (सम्मान) का ख्याल नहीं रखते, वे इसकी बेशुमार बरकतों से महरूम रह जाते हैं। शरीयत के मुताबिक रमजान का हर एक लम्हा बहुत कीमती है, जिसे फिजूल चीजों में खराब नहीं करना चाहिए। मस्जिद में मोबाइल का गैर जरूरी इस्तेमाल इबादत में खलल डाल सकता है और दूसरों के लिए भी परेशानी का सबब बन सकता है। इसलिए सभी इस पाक महीने में अपना कीमती वक्त इबादत, कुरआन की तिलावत में लगाएं।


**सवाल:** सहारनपुर के रहमानी चौक निवासी बुरहान ने पूछा कि बदलते मौसम की वजह से उनके होंठ फट रहे हैं। क्या रोजे की हालत में वह क्रीम या वैसलीन लगा सकते हैं।

**जवाब:** रोजे की हालत में होंठों पर क्रीम या वैसलीन लगाई जा सकती है, लेकिन इस बात का ख्याल रखना जरूरी है कि उसका कोई अंश हलक के अंदर न जाए।

# सिवाल विधानसभा को हकीकत में खास बनाना चाहते हैं विधायक गुलाम मोहम्मद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा से निर्वाचित विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद पेशे से एक शिक्षक हैं और उनके शिक्षक होने का फायदा अब क्षेत्र की जनता को दिखने लगा है। जहां वह सिवालखास विधानसभा को हकीकत में खास बनाने की जद्दोजहद में लगे हैं वहीं शिक्षा के क्षेत्र में विकास को लेकर उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को काफी उम्मीद है। शाह टाइम्स से बातचीत में हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में अब तक कई इंटर कॉलेज का निर्माण करा चुके हैं और जल्द ही हर्रा में नए स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने को लेकर भी लगातार स्वास्थ्य मंत्री से मिल रहे हैं। क्षेत्र की बदहाल सड़कों को लेकर भी विधायक गुलाम मोहम्मद लगातार प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर यहां की समस्या से रूबरू करा रहे हैं। वह बीते लंबे समय से क्षेत्र की सड़कों के लिए अतिरिक्त बजट की मांग करते आ रहे थे। उनकी मांग को देखते हुए भाजपा सरकार ने लगभग आठ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क को हरी झंडी दे दी थी जिसका सारा कागजी काम पूरा हो चुका है और कुछ ही दिनों के बाद सिवाल खास विधानसभा में लगभग आठ करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण शुरू होगा। यह सड़क सिवाल से लेकर रोहटा रोड, एस्केप रोड व भोला रोड पर समाप्त होगी जिसकी लागत आठ करोड़ है। इसे पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने इसका सारा खाकर तैयार कर लिया है। अब जल्दी सिवालखास विधानसभा की जनता को बेहतरीन सड़क पर चलने का अलग अनुभव महसूस होगा। इसी के साथ-साथ बीते दिनों ही लगभग 72 लाख की लागत से पिठलोकर से नंगला तक सड़क निर्माण का कार्य कराया गया



है। 40 लाख की लागत से नगला पुल से नंगला कुम्भा तक सड़क निर्माण कराया गया है।

सिवाल खास विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह बोलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास करते हैं। उनका काम क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधा देना है। उन्होंने अब तक 6 से ज्यादा इंटर कॉलेज बनवाए हैं और लगभग 10 करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है। इसी के साथ-साथ क्षेत्र की गलियों में इंटरलॉकिंग, सड़क, नाली निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र की पथ प्रकाश व्यवस्था व अन्य कामों में विधायक निधि का प्रयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 20 करोड़ से अधिक के काम क्षेत्र में कराए जा चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में पढ़ाएं क्योंकि शिक्षा ही सबसे ताकतवर हथियार है। शिक्षा के बल पर आप सारी लड़ाई जीत सकते हैं। हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह एक शिक्षक हैं और शिक्षा के महत्व को जानते हैं इसीलिए वह क्षेत्र में सबसे अधिक शिक्षा पर दो जोर दे रहे हैं।

# लावड़ अवैध कॉलोनी में मेडा के अधिकारी की मिलीभगत आई सामने

## बिल्डर के ऑफिस को टैंट से ढका, कार्रवाई के नाम पर की खानापूर्ति





एक दिन पहले तैयार किया गया फर्जी ऑफिस सैटिंग से तोड़ते हुए। इस टैंट के अंदर है आलीशान ऑफिस।

शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर ग्रीन वैली मंडप के पास बनी अवैध कॉलोनी इस समय चर्चा में है। यहां प्लॉटिंग कर रहे बिल्डर ने चार दिन पूर्व खुद ही बताया था कि यहां मेडा की टीम तो आयेगी लेकिन मात्र खानापूर्ति ही की जाएगी और हुआ भी ऐसा ही मंगलवार को मेडा की टीम राकेश राणा के नेतृत्व में मीठेपुर मार्ग पर बनी इस कॉलोनी पर पहुंची और कार्यवाही के नाम पर केवल कॉलोनी के रास्ते पर लगी ईंटों को ही उखाड़ा गया। बिल्डर द्वारा दो दिन पूर्व ही कॉलोनी के चारों ओर लगी रेडिमेट बाउंड्री को खुद ही हटा लिया गया था जिससे साफ साफ पता चलता है कि यहां सैटिंग का खेल हो चुका है। बताया जाता है कि ये भूमि चर्चित बाईक बोट घोटाले के आरोपी बिजेंद्र सिंह की प्रेरणा ट्रस्ट के नाम पर आज भी दर्ज है। हालांकि बिल्डर द्वारा बताया गया था कि उसने इस भूमि की रजिस्ट्री कराई है लेकिन कागजों में आज भी यह ट्रस्ट के ही नाम दर्ज है। अगर ऐसा है तो किसी भी ट्रस्ट की भूमि

**■ बाइक बोट घोटाले के आरोपी बिजेंद्र सिंह के ट्रस्ट के नाम बताई जा रही है भूमि**

पर इस तरह अवैध कॉलोनी काटना नियम के विरूद्ध है। वहीं बताया जाता है कि यहां अभी तक आबादी भी दर्ज नहीं कराई गई है। वहीं लोगों का कहना है कि बिल्डर खुद बोलता है कि यहां हम जो चाहेंगे वही होगा मेडा या कोई अन्य अधिकारी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

वहीं वीसी अविनाश पांडे से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। मेडा टीम के प्रभारी राकेश राणा से बात की गई तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और बिल्डर के ऑफिस का नाम लेते ही कॉल काट दी जिससे साफ जाहिर होता है कि राकेश राणा और बिल्डर की मिलीभगत से ही कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है। भाजपा सरकार में भी मेडा विभाग द्वारा इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है इन्हें सरकार या किसी अन्य बड़े अधिक. ारी का कोई खौफ नहीं है।

### बिल्डर के आलीशान ऑफिस को सैटिंग कर टैंट से ढका

कार्यवाही के दौरान मेडा की टीम ने मात्र खानापूर्ति की। कॉलोनी के बीचों बीच बना बिल्डर का आलिशान ऑफिस सैटिंग कर टैंट से ढका गया जिसे मेडा टीम द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया। वहीं बिल्डर द्वारा एक दिन पहले ही लगभग 6 फिट में बाउंड्री कर फर्जी ऑफिस बनाया गया जिसे टीम द्वारा बुलडोजर से गिराकर वीडियोग्राफी कराई गई। इस तरह मेडा टीम के प्रभारी राकेश राणा और बिल्डर के बीच सैटिंग का खेल सामने आया है।



एक दिन पहले बिल्डर द्वारा हटाई गई बाउंड्री।



केवल रास्ते से ईंटे हटाकर खानापूर्ति करता बुलडोजर।

## एक नजर

# त्यौहारों पर नगर में सफाई व्यवस्था के दिये निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** होली और माह-ए-रमजान के दूसरें जुमा के मद्देनजर शासन के आद. `श पर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सभी सफाई नायकों की बैठक का आयोजन किया। इस दौरान उक्त त्यौहारों पर नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने में विफल रहने वाले सफाई नायकों को कार्रवाईकी चेतावनी दी गई।

पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में ईओ डा. धीरेंद्र कुमार राय ने कहा कि शुक्रवार को होलिका के स्थानों और मंदिरों और जामा मस्जिदों पर विशेष साफ-सफाई व्यवस्था रख इनके आसपास चूने का छिड़काव कराए जाने को निर्देशित किया। साथ ही चेतावनी दी कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले सफाई नायकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक पोपिन कुमार, सफाई लिपिक बिरला सूद, सुंदरलाल सैनी, देवेंद्र, मोबिन, श्रवण, नरेंद्र, दीपक, देवानंद और कफील आदि मौजूद रहे।

# बीजेपी विधायक के बयान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बलिया में नए मेडिकल कॉलेज को लेकर बीजेपी विधायक केतकी सिंह का मुसलमानों के लिए अलग विंग बनाने की मांग करने की चौतरफा आलोचना हो रही है। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक और प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बयान की निंदा करते हुए इसे असांवैधानिक और समाज में दरार डालने की कोशिश करार दिया।

बीजेपी विधायक के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि इस तरह की मांग न सिर्फ विभाजनकारी है, बल्कि देश के सांवैधानिक मूल्यों के भी खिलाफ है। भारत का संविधान हर नागरिक को बराबरी का हक देता है। अस्पताल और चिकित्सा सेवाएं धर्म के आधार पर अलग-अलग नहीं होतीं, बल्कि इंसानियत के नाम पर दी जाती हैं। डॉक्टर जब किसी मरीज का इलाज करता है, तो वह उसकी जाति या धर्म नहीं देखता, बल्कि उसे सिर्फ एक मरीज मानता है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में अलग विंग बनाने की मांग समाज में नफरत को बढ़ावा देने वाली है।

# मस्जिद अबूबकर में मुकम्मल हुई तरावीह, हाफिज इमरान याकूब ने सुनाया कुरआन

**मेरठ।** मेरठ के सोहराब गेट स्थित मस्जिद ए अबूबकर में सोमवार की देर रात तराहवी पूरी हुई। यहां पर कुरान सुना रहे हाजी याकूब कुरैशी के बेटे हाफिज इमरान याकूब ने कुरआन ए पाक मुकम्मल किया। कलाम ए पाक पूरे होने पर हजरत मौलाना खुर्शीद ने मस्जिद में बयान किया और इस्लाम व मुसलमानों के लिए कुरआन की एहमियत पर रोशनी डाली। इस दौरान सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन शांति और उम्मते मुस्लिमा के लिए रो-रो कर परवरदिगार से दुवाए मांगीं। इस दौरान हाजी यूसुफ कुरैशी भी वहां मौजूद रहे।

# शाही जामा मस्जिद में मरहूम शहर काजी प्रो. जैनुस साजिद्दीन के लिए हुई कुरआन ख्वानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शाही जामा मस्जिद में मंगलवार को सभी उलेमा इकराम व मस्जिद के इमाम को बुलाया गया। जोहर की नमाज से पहले कुरआन ख्वानी कराई। नमाज अदा करने के बाद शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन की माफिरत और उनके परिजनों के लिए सब्र जमील आता फरमाने की दुआएं की। वहीं मौलाना महमूद मदनी ने एक पत्र भेजा जिसमें उन्होंने शहर काजी के देहांत पर दुख जाहिर किया। इस दौरान कारी शफीकउर रहमान कश्मीर द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के बाद कुछ लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

दरअसल सोमवार को शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन के देहांत के बाद जामा मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार लोगों ने उनके एकलौते बेटे प्रोफेसर सालिकिन सिद्दीकी को नया शहर काजी बनाने का ऐलान कर दिया था। जिस पर कारी



शफीकुर्रहमान ने अपने बयान में शहर काजी के देहांत पर दुख जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद लोग शहर काजी की घोषणा नहीं कर सकते। पूर्व शहर काजी के बेटे शहर काजी नहीं बन सकते क्योंकि उनके पास वह उपलब्धि नहीं है जो की एक शहर काजी के पास होनी चाहिए। हालांकि शहर काजी के जनाजे की नमाज के वक्त तमाम मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथ उठाकर प्रोफेसर सालिकिन सिद्दीकी को अपना नया शहर काजी माना है। इस दौरान नायब शहर काजी, कारी सलमान, शीराज रहमान, नायब सदर मुफ्ती यामीन, मोइनुदीन गाजी आदि लोग उपस्थित रहे।

# माहौल खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई

**हस्तिनापुर।** होली और रमजान त्योहार के सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस द्वारा क्यूआरटी के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आगामी त्योहारों को देखते हुए भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही त्योहार के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्र ने नागरिकों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की और चेतावनी दी कि अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की निगाह हर गति. विधि पर बनी हुई है, और बाजारों में लगातार गश्त की जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी साझा करने का संदेश दिया।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसो. ने राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को फांसी दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**■ पत्रकारों की आवाज को कुचलने की साजिश कब तक चलेगी: जिलाध्यक्ष संजीव तोमर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन जिला मेरठ उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वी.के. सिंह के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को दैनिक जागरण सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गापा ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग की गई कि दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जिससे भविष्य में कोई भी पत्रकार की आवाज को ना रोक सके एवं परिवार को आर्थिक मदद के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने के बाद जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने बताया कि पिछले दिनों लोकतंत्र के चौथा स्तंभ को फिर निशाना बनाया गया और हमारे उत्तर प्रदेश जिले के सीतापुर के एक पत्रकार साथी राघवेंद्र वाजपेई की सरेआम गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है जिससे हम पत्रकारों में बहुत रोष है और हम इस घटना की अत्यधिक निंदा करते हैं और सरकार से यह भी पूछना चाहते हैं कि



पत्रकारिता की आवाज को कुचलने की यह साजिश कब तक चलेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम ने कहा कि पत्रकार साथी की हत्या हुए कई दिन बीत गए परंतु अभी तक उत्तर प्रदेश पुलिस हत्यारों को पकड़ नहीं पाई है जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रही है। इस अवसर पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन जिला मेरठ के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, महामंत्र शिव कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम, जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, महानगर सचिव विशू सिंघल, आसिफ खान, राशिद, संदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर डे-नाइट मैच होगा

● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच होस्ट करेगा मेलबर्न, मार्च-2027 में खेला जाएगा मुकाबला



**1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 में खेला गया था**

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के सबसे पुराने क्रिकेट प्लेइंग नेशन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के 150 साल पूरा होने पर खेले जाने वाला मैच डे-नाइट होगा। यह एकमात्र टेस्ट 11 से 15 मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के ऐतिहासिक मैदान में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एनाउंस किया मेंस टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पर टेस्ट मैच पिंक बाल से खेला जाएगा।1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 का टेस्ट लाल गेंद से एमसीजी में खेला गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ टाड ग्रीनबर्ग ने कहा, श्यह अवसर खेल के विकास को बढ़ावा देगा। एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होंगे। डे-नाइट टेस्ट इसका रोमांच और बढ़ा देगा। ॅडब्ल्यूटीओ का पार्ट नहीं होगा मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन यह 2027 सेशन के 12 टेस्ट मैचों में से एक होगा, जिसमें श्रीलंका में 3, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और भारत में 5 टेस्ट शामिल होंगे। इस साल ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 7 महीने पहले पूर्व सीईओ निक हाकले ने जानकारी दी 7 महीने पहले सितंबर में यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ब्м निक हाकले ने दी थी। उन्होंने कहा था, श्मार्च-2027 में एमसीजी में 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट विश्व के महान खेल में से एक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ फार्मेट का उत्सव होगा। हम उस ऐतिहासिक अवसर पर इंग्लैंड की मेजबानी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।श हाकले ने कहा कि हमें लान्ग टर्म मेजबानी का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले 7 साल में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थान निश्चित करते हैं। यह शेडड्ूल तय करता है कि देश भर में सही समय पर बेस्ट प्लेस में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा। 100 साल पूरा होने पर भी हुआ था मैच, ऑस्ट्रेलिया जीता टेस्ट के 100 साल पूरा होने पर भी इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर टेस्ट मैच खेला गया था। 1977 में खेले गए उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। 1877 में हुए पहले टेस्ट मैच को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। क्रिकेट की सबसे पुरानी सीरीज एशेज भी इन दो देशों के बीच खेली जाती है। सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में ही होगा 2030-31 सीजन तक हुए इस समझौते के अनुसार, अगले 7 साल तक बाक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न में होगा। इतना ही नहीं नए साल का टेस्ट सिडनी में ही खेला जाएगा। क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड, जबकि सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा, हालांकि पर्थ ने सिर्फ अगले 3 साल के लिए ही क़रार किया था। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल का एशेज पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में आयोजित होगा। 2032 के ओलिंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

## टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्पेशल कैंसलेशन जारी

**स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम**




**मुंबई, वार्ता।** भारतीय डाक विभाग ने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मंगलवार को स्पेशल कैंसलेशन जारी किया है, इसमें भारत का विजयोत्सव लिखा हुआ है। महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है।

2 दिन पहले 9 मार्च को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराते हुए चैंपियंस ट्रापी का खिताब जीता था। टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की है। टीम ने इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीता है। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र सर्कल ने यह कैंसलेशन जारी किया। भारतीय डाक विभाग खास मौकों पर अपने स्पेशल कैंसलेशन जारी करता है। यह डाक टिकट कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास है। कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं। स्मारक टिकट- खास आयोजन, वर्षगांठ और हस्तियों के सम्मान में जारी किए जाते हैं। निश्चित टिकटरू रोजाना मेलिंग के लिए जारी किए जाते हैं। स्पेशल टिकट: डाक टिकट कलेक्टर्स या चैरिटी के लिए जारी किए जाते हैं।

इंडिविजुअल्स टिकटरू अपनी खुद की छवि या डिजाइन के साथ बनवाए जा सकते हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टास जीतकर बैटिंग की और 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 76 रनों की पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

# पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान बने ब्रेसवेल



**ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर की जगह लेंगे**

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रूर्क पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा कि अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मैच 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में शामिल किया



**गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं।

यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

## खेल विशेष

### चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सामने आई श्रेयस अय्यर की पीड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बावजूद उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे। इस साल, अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे, जिन्होंने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर ने कहा किमैंने व्यक्तिगत तौर पर महसूस किया कि आईपीएल जीतने के बाद मुझे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन अंत में, जब तक आपके अंदर आत्म-सम्मान है और आप सही काम करते रहते हैं, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं यही करता रहा। पिछले साल, अय्यर आठवें कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल ट्रॉफी जीती। उन्होंने केकेआर को तीसरी बार चौंपियन बनाया और सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया। हालांकि, तीन सीजन तक फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहने के बाद भी केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद, पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बोली थी। पंजाब किंग्स अय्यर का आईपीएल में तीसरा फ्रेंचाइजी होगा और यह उनकी तीसरी लीडरशिप भूमिका भी होगी। उन्होंने 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ आईपीएल की शुरुआत की थी और 2018 में उन्हें कप्तानी मिली। 2020 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया। श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 243 रन बनाए और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रा के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 2024 में एक शानदार साल गुजारा है। वह मुंबई टीम का हिस्सा थे।

# सरकार ने कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटाया

**घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और एडहाक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (न्-15) और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था। दरअसल साल 2023 में 21 दिसम्बर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसम्बर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना साल 2023 में 16 जनवरी को ओ. लिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। साल 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली, कनाट प्लेस के एसएचओ को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकर्ताओं ने तब डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरा.ेप लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में थ्प्त् दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था साल 2023 में 22 दिसम्बर को बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसम्बर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था। साल 2023 में 21 दिसम्बर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद साक्षी मलिक ने संन्यास की घोषणा की थी। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया ने पद्श्री अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था।

## गढ़वाल ने जुबा संघा को हराकर जीता फुटसल लीग खिताब

● गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जांधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किए।

वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, फैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



## शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

कैलिफोर्निया, वार्ता। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर

**दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, इन्कार कर दिया**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इन्कार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। केएल राहुल के कप्तानी से इन्कार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं।

क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था। चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है। 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे। ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला, लेकिन, अब जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते हैं, राहुल का ये फैसला भी दिल्ली के लिए काम कर सकता है। आईपीएल में राहुल सबसे कंसिस्टेंट परफार्मेन्स करने वाले खिलाड़ियों में एक रहे हैं। उन्होंने 2018 से 2024 तक खेले आईपीएल के 7 सीजंस में से 6 में 500 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं।

## आईपीएल में 27 करोड़ कमाने वाले पंत ने क्यों कहा: टीम युवा क्रिकेटर देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान दें:ऋषभ पंत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि आईपीएल का आकर्षण होना लाजमी है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आपका लक्ष्य भारत के लिए खेलना है, तो बाकी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। पंत ने जिओ हाटस्टार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'बचपन से मेरा सपना सिर्फ भारत के लिए खेलना था। मैंने कभी आईपीएल के बारे में नहीं सोचा। हां, आईपीएल एक बड़ा मंच है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य देश के लिए खेलना है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' 27 साल के ऋषभ पंत ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता था कि मुझे भारत के लिए खेलना है। ईश्वर की ख्रपा से मुझे 18 साल की उम्र में ये मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।' पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और एक हाथ से छक्का मारने के लिए जाना जाता है। अक्सर उनका बल्ला हाथ से छूट जाता है।

### रमजान मुबारक



बारहवां रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.09 |
| | शिया | 5.12 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.27 |
| | शिया | 6.41 |

और ईमान वालियों से कह दो कि अपनी निगाह नीची रखें और अपनी अस्मत की हिफाजत करें और अपनी जीनत को जाहिर न करें मगर जो खुद ही जाहिर हो।

कुरआन करीम

# इमरान मसूद को जवाब नहीं दे पाये अमित शाह

## स्थानीय स्तर पर रोजगार सर्जन के बारे में पूछा गया था केंद्रीय सहकारिता मंत्री से लिखित सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा पूछे गये प्रश्न के मूल का केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह जवाब नहीं दे पाये।

संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जेन ने बताया कि कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जानकारी दी कि देशभर में 42,080 प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विक. सित किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक डिजिटल सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिनमें बैंकिंग, बीमा, आधार पंजीकरण/अपडेट, स्वास्थ्य सेवाएँ, पैन कार्ड, रेलवे/बस/हवाई टिकट जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 5,170 प्राथमिक कृषि ऋण समीतियों को कॉमन सर्विस सैन्टर के रूप में विकसित किया गया है, जिनमें से 104 अकेले सहारनपुर जिले में कार्यरत हैं। ये केंद्र किसानों और ग्रामीण नागरिकों को उनके अपने क्षेत्र में ही आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायक साबित हो रहे हैं। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्राथमिक कृषि ऋण समीतियों के कॉमन सर्विस सैन्टर के रूप में कार्य करने से न केवल किसानों को डिजिटल सेवाएँ उनके गाँव में ही उपलब्ध हो रही हैं, बल्कि युवाओं को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। सांसद ने बताया कि सहकारिता मंत्री अमित शाह उनके प्रश्न के इस मूल भाग का उत्तर नहीं दे पाये कि जनपद में प्राथमिक कृषि ऋण समीतियों को कॉमन सर्विस सैन्टर के रूप में विकसित किये जाने से स्थानीय स्तर पर कितना रोजगार अवसर सर्जित हो पाया है?

### हादसे में बाल-बाल बचे विधायक आशु

**सहारनपुर।** खनन से भरे अनियंत्रित डंपर ने सपा के देहात विधायक आशु मलिक की कार में टक्कर मार दी। हादसे में गाडी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि विधायक बाल-बाल बच गये।

कोतवाली नगर क्षेत्र में तेज गति से आ रहे एक डंपर ने विधायक आशु मलिक की गाड़ी में सीधे टक्कर मार दी। विधायक गाजियाबाद अपने घर से बेहट रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय जा रहे थे। सवेरे पांच बजे पुरानी चुंगी के पास यह हादसा हुआ। हादसे में विधायक की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि विधायक आशु मलिक बाल बाल बच गए। हादसे की जानकारी मिलते ही उनके समर्थक विधायक का हालचाल जानने पहुंचे।

### कलश यात्रा निकाली

**गंगोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गांव सलारपुर में दो दिवसीय गायत्री यज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया।

गायत्री साधक मां अनूप सिंह द्वारा सवा लाख गायत्री अनुष्ठान के 23 वे अनुष्ठान की पूर्णाहुति की जाएगी। हर वर्ष लगातार 23 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मास्टर अनूप सिंह वह अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा गंगोह द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। कार्यक्रम में हरिद्वार शांतिकुंज से टोली सभी संस्कार दीप यज्ञ दीक्षा व 24 कुंडी गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराएंगी। मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर ऋषिपाल, कृपाल सिंह, बबली, देवेन्द्र कोशिक, राजपाल, जयकरण शर्मा, चन्द्र पाल, ऊषा, हिमांशी, राकेश, मोन्टी आदि मौजूद रहे।

# विधायक मुकेश के गोद लिए स्कूल से 8 का चयन

**नकुड विधायक ने कहा- सीएम की कसौटी पर उतरा हूं खरा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड विधायक मुकेश चौधरी द्वारा गोद लिये गये प्राथमिक स्कूल मंडोरा के आठ बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। विधायक मुकेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन की सराहना करते हुए चयनित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विधायक मुकेश चौधरी ने बताया कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उन्होंने सरसावा ब्लॉक के गांव मण्डौरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को गोद लिया था। जिस उम्मीद से प्रदेश के मुख्यमंन्त्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विधायको को प्राथमिक स्कूलो को गोद लेने के लिए अहव्हान किया था। उस उम्मीद पर खरा उतरने का काम किया गया है। चयनित बच्चों में खुशी, निधि, अंजलि वर्मन, राधिका, निधि, वंशिका, राधिका और मनप्रीत शामिल हैं। नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने सभी छात्राओं और स्कूल अध्यापकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# रागी जत्थों ने संगत को किया निहाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाबी गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी नुमाइश कैम्प नेशनल पब्लिक स्कूल व यूनिक किड्स स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित गुरुमत समागम में रागी जत्थों ने कथा व कीर्तन से संगत को निहाल किया तथा संगत से बदले की भावना के बजाय भलाई का मार्ग अपनाने का संदेश दिया।

नुमाइश कैम्प शक्ति नगर पार्क में आयोजित गुरमत समागम में सर्वप्रथम रागी भाई परमजीत सिंह ने श्री रहिदास साहिब का पाठ किया, तत्पश्चात प्रभात फेरी जत्थे के भाई मंजीत सिंह भोला, स. देवेन्द्र सिंह बठला, सन्नी, साहिब सिंह व शेर सिंह ने शबद कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। समागम में कथावाचक भाई परमजीत सिंह ने कथा व कीर्तन सुनाया। पंजाब से पधारे सुप्रसिद्ध भाई सरबजीत सिह धुंदा ने कथा के माध्यम से श्री गुरुग्रन्थ साहिब से गुरुओं की वाणी सुनाकर इंसान को बदघ्ले की भावना को त्याग कर आपसी सौहार्द को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि अपने परिवार व समाज की भलाई की जा सकें। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारो में केवल मत्था टेकने व गुरुवाणी का रट्टा लगाने से ही भला नही होगा, बल्कि गुरुवाणी पर अपने रोजमर्रा के जीवन व कर्मो में भी अमल करना पडेघ्गा। उन्होंने कहा कि सिख धर्म इन्सानियत का धर्म है। हमें गुरुवाणी को स्वयं पढ़ना चाहिए, हो सकता कि दूसरा व्यक्ति उसका गलत अर्थ बता दे। जब हम स्वयं गुरवानी पढ़ेंगे, तो हमे उसका सही अर्थ पता चलेगा। उन्होंने कहा कि सिक्खों के सध्भी गुरुओं ने हमे प्यार करना सिखाया है। समागम में वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र चौहान व मनु चौहान को सरोपा भेंट किया गया।

इस दौरान महापौर डॉ अजय कुमार सिह, योग चुघ, गुलशन नागपाल, पंजाबी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक रणजीत सिंह चौहान, प्रधान तेजेन्द्र सिंह चावला, सेक्रेटरी देवेन्द्र सिंह बठला, खजांची त्रिलोचन सिंह तेहरी, खैराती लाल चौहान,अनिल चौहान, हरसिमरत कौर चौहान, अंगद चौहान, स.प्रीत पाल सिंह, स.गोविन्दर सिंह स.सिमर सिंह, हेमन्त अरोड़ा, रवि जसूजा, ऋषि धींगड़ा आदि मौजूद रहे।

# कुश्ती व ताईक्वांडो खिलाड़ी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कुश्ती व ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर सहारनपुर लौटे खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। पदक विजेता खिलाड़ियों को नकुड़ विधायक मुक. ेश चौधरी ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

लखनऊ में 6 से 8 मार्च तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 57 किग्रा. भार में स्वर्ण पदक जीतकर परचिन यादव ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। जबकि लखनऊ में ही आयोजित हुई खेलो इंडिया महिला लीग 2025 में प्रतिभाग करते हुए अपने अपने भार वर्गो में सहारनपुर की ताइक्वांडों खिलाड़ी दीपिका, रौनक शर्मा व आंचल ने भी कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अंशिका ने भी अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी का स्वागत क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के द्वारा किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर सहारनपुर का नाम रोशन करने वाली परचिन यादव व ताइक्वांडो खेल में पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराने वाली ताइक्वांडों खिलाड़ी दीपिका, रौनक शर्मा, आंचल को नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रुचि यादव, युवा भाजपा नेता सागर चौधरी, ओम कुमार,अनुज काम्बोज, प्रवेश चौधरी, चौ. वीर सिंह, कुश्ती कोच आदेश कुमार, जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अभिषेक चौधरी, ताइक्वांडो कोच प्रियंका चौहान, बृजेश कुमार, सन्नी प्रजापति, प्रदीप शर्मा, दीपक, अश्वनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फूलों की होली खेलकर रंगों रहित होली खेलने का आह्वान किया गया। दिल्ली रोड स्थित एक हॉटल के सभागार में आयोजित का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने अपने करकमलों द्वारा किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त श्री राय ने कहा कि संस्था के साथ जुडेघ् वरिष्ठ नागरिक आज भी युवा हैं एवं युवा एक अवस्था नहीं एक सोच है। उन्होने कहा कि हम वृद्ध हो जाते है इसलिये खेलना बंद नही करते बल्कि हम खेलना बंद कर देते हैं इसलिये वृद्ध हो जाते हैं।

### महिलाएं सम्मानित

**गंगोह।** नव प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित महिला दिवस पर गंगोह की तीन महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

संस्था के कार्यकाल पर महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संगठन मंत्री आकांक्षा, मुख्य संरक्षक सुषमा बजाज व अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतर कार्य करके समाज को मजबूत करने का काम कर रही हैं और समाज की तरक्की व प्रगति में अपना योगदान दे रही है। कार्यक्रम में गंगोह निवासी रूपा सैनी, हिना मलिक व मंजू सैनी को नारी शक्ति अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है।

### किसान पर कार सवारों का हमला

**सरसावा।** अपने खेत पर काम कर वापस अपने घर लौट रहे किसान पर कार में सवार होकर आए अज्ञात हमलावरों ने लाठी डंडों से किसान पर हमला कर लहूलुहान कर दिया।

मंगलवार दोपहर 1:00 बजे के करीब गांव बहलोलपुर निवासी किसान 54 वर्षीय बिसेसर अपने खेत से काम कर अपने घर जा रहा था।किसान के मुताबिक तभी सफेद रंग की रिटीज कार में सवार होकर आए 4 नकाबपोश बदमाशों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया आसपास बचाने के लिए आए लोगों पर भी बदमाशों ने हमला करने का प्रयास किया। हमले की खबर मिलते किसान के पुत्र विकास एवं परिवारजन घायल किसान को उपचार हेतु सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद किसान को मेडिकल कालेज रैफर कर दिया।

# 14 लाख की लागत से बनेगी सड़क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ आज वार्ड 39 इंदिरा कॉलोनी में निर्मित होने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का सड़क पर गेंती मारकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। नगर निगम निधि से बनने वाली इस सड़क पर करीब 14 लाख रुपये की लागत आयेगी।

नगर निगम निधि से बनायी जाने वाली सीसी सड़क के निर्माण कार्य के शुभारंभ से पहले विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इस सड़क निर्माण से लागों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर में सड़कों का निरंतर निर्माण शहर के विकास का प्रतीक है। महापौर ने कहा कि सहारनपुर के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन और नगर विकास विभाग के सहयोग से नगर निगम लगातार शहर में विकास कार्य करा रहा है।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर को एक आदर्श शहर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। सड़कों की तरह ही शहर में नाले नालियों का निर्माण कराने के अलावा पंपों का निर्माण भी कराया गया है।

इस अवसर पर पार्षद राज कुमार शर्मा, योगाचार्य अनिता के अलावा क्षेत्र के सत्येंद्र सैन, शिव मंगल, गौतम सैनी सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# विधायक निधि से बनी सड़क का चौ. किरत ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** मंगलवार को गंगोह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अलीपुरा में विधायक निधि योजना से निर्मित आरसीसी सड़क का विधायक किरत सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उनके साथ विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक चौधरी किरत सिंह ने क्षेत्र में पहुंचने पर सर्वसमाज के द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह सड़क क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और मैं इसके लिए सभी सहयोगियों और स्थानीय निवासियों का आभारी हूं। विधायक ने संकल्प लेते हुए कहा हम मिलकर अपने क्षेत्र को विकसित करने के लिए काम करें और एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विधानसभा दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। भाजपा सरकार सबके साथ सबके विकास को लेकर संकल्पित है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पदम सिंह, अनुज प्रधान रंधेडी, चौधरी चरण सिंह, पूर्व जिलाप. ंचायत सदस्य चौधरी नितिन, अजय ढायकी, सुभाष नल्हेडा, राजीव चौधरी, प्रदीप टिडोली, संदीप प्रधान अलीपुरा, ओमकार, सौफ सिंह, चौधरी ब्रजपाल, चौधरी मदन, चौधरी मनोज, अशोक मौजूद रहे।

# 13 मार्च के धरने में भागेदारी का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुत्तहिदा मजलिस ए अमल व मिल्लत वेलफेयर कमेटी ने दिल्ली के जंतर मंतर पर आल इंडिया पर्सनल ला बोर्ड के 13 मार्च के विशाल धरने में मुस्लिमों व इंसाफ पसंद लोगों से भागेदारी का आहवान किया है।

आज आली की चुंगी स्थित एक कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए साबिर अली खान ने कहा कि उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल उम्मते मुस्लिमा की धार्मिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात और उसके बुनियादी अधिकारों एवं सामाजिक वजूद पर करारा हमला है। यह देश हिंदू व मुस्लिमों की कुरबानियों का परिणाम है। आज इस देश में संविधान और लोकतांत्रिक मान्यताओं का हनन किया जा रहा है। देश महंगाई व गुरबत के कगार पर है और सत्तापक्ष पूरी तरह से खाने कमाने में मस्त है। मौजूदा सरकार वोटों का ध्रुव. ीकरण करने के लिये सां. प्रदायिकता एवं मुसलमानों व अपने मुखालिफों पर अत्याचार की कोई कसर नहीं छोड रही है। वह इस देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहती है।

वार्ता के दौरान मौलाना इकबाल फलाही, हाफिज मौ.उवैस, एम. जमाल असलम, ताजदार खान, शानदार खान, मौ.अशरफ, हाजी मौ. इरफान आदि मौजूद रहे।

### होटल बंद कराने की मांग

**तीतरों।** थाने के पास खुले होटल का मुद्दा गरमा गया है। कई गांव के लोगों ने पंचायत में पहुंचकर होटल को बंद कराने की मांग की है।

होटल संचालक तथा विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष तथा भाजपा नेता मांगेराम की नोकझोक भी हुई थी लेकिन लेकिन होटल संचालक ने होटल को बंद करने से मना कर दिया था। इस मामले में आज कई गांव के लोगों की पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने होटल को बंद कराने की मांग की। इसके बाद थाने के वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे एसपीआरए सागर जैन के सामने भी ग्रामीणों ने होटल का मुद्दा उठाया तथा उन्हें ज्ञापन दिया तो उन्होंने इस मामले में करवाई का आश्वासन दिया।इस दौरान योगेश रादौर, देवेंद्र, देवराज सिंह, मनोज, देवेंद्र, सुखपाल सिंह, सतीश कुमार, जगतसिंह, योगेश सिंह, भवरसिंह, अरुणकुमार आदि मौजूद रहे।

# पंजाबी एकता समिति ने मनाया होली मिलन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाबी एकता समिति ने पंजाबी एकता होली मिलन का आयोजन कर जमकर धमाल मचाया।

दिल्ली रोड स्थित होटल के सभागार में कार्यक्रम का प्रारम्भ वंदना के साथ किया गया। उसके बाद सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा एक से एक चुटकुले, हास्यपद प्रस्तुति, गाने, शायरी आदि की प्रस्तुतियाँ दी गयी। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने किया एवं संचालन महामंत्री राजीव फूटेला एवं गगनदीप ने किया। सम्पूर्ण व्यवस्था कोषाध्यक्ष अरुण अरोड़ा एवं गुरजीत मल्होत्रा ने की। संस्थाध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने सभी को होली की शुभकामनायें कामनाये दीं एवं होली पर रंगो का परहेज और कम से कम पानी व्यर्थ करने की एवं केवल फूलो चंदन या आवश्यकता पढ़ने पर केवल गुलाल से होली खेलने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी ने एक दूसरे को चंदन का तिलक लगा कर एवं अंत में फूलो के साथ होली खेली, इस मौके पर पंजाबी एकता समिति से जुड़े रायवाला व्यापारी संगठन से जुड़े अमित गाँधी आदि को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, महामंत्री राजीव फूटेला, कोषाध्यक्ष अरुण अरोड़ा, गुरजीत मल्होत्रा,गगनदीप के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत अरोड़ा, युवा संयोजक सन्नी परूथी, बब्बू, अजय सोनी सौरभ सुखीजा, संयुक्त मंत्री अनिल गिल्होत्रा, बॉबी अनेजा, अनिल धारीया, डा मोहित कपूर, डा दीपक ठक्कर, सागर ठक्कर, शम्मी गाँधी, कवलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।
























# सम्पादकीय

बुधवार, 12 मार्च 2025

## टैरिफ पर सफाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जबसे सत्ता में आए है। तभी से वह अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। हालांकि बातें व वही कर रहे है जिसके बारे में वह 20 जनवरी को शपथ लेने से पूर्व कहते रहे है। कभी वह रूस–यूक्रेन युद्ध को रुकवाने की बात कहते है। तो कभी गाजा को लेकर विवादस्पद बयान देते है। वैसे वह टैरिफ लगाने के मामले को लेकर अधिक चर्चा बटौर रहे है। विचित्र बात यह है कि इस मामले में वह दोस्त और दुश्मन में कोई भेद नहीं कर रहे है। जिसके चलते उनकी कई मित्र देशों से दूरियां भी बढ़ी है। जिसमें कनाडा, मेक्सिको, भारत जैसे देश शामिल है। यह देखना भी बेहद अजीब लगता है कि वह भारत को अपने बयानों में अधिक निशाने पर रख रहे है। ट्रम्प कई बार कह चुके है कि भारत वह देश है जो अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक ट्रैरिफ लगाता है। बदले में उन्होंने भारतीय उत्पादों पर भी जैसे को तैसा के अंदाज में ट्रैरिफ लगाने की बात कही है। बीते शुक्रवार को भी ट्रम्प ने अपने बयान में कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा ट्रैरिफ वसूलता है। उनका कहना था अमेरिकी भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब अपने ट्रैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे है। उन्होंने यह भी चेताया कि हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। जबसे ट्रम्प का यह बयान आया भारतीय राजनीति में एक हलचल सी मच गई है। जो कि स्वभाविक भी है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कह भी दिया कि आखिर ट्रम्प किस की पोल खोलने की धमकी दे रहे है। यह साफ होना चाहिए। अब तक इस पूरे मुद्दे पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है, लेकिन एकाएक मंगलवार को भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को यह बताकर कि भारत ने अमेरिका के साथ ट्रैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है और साथ ही कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी जारी है। बर्थवाल ने यहा तक कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति के दावो और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बर्थवाल का यह भी कहना था कि भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है लेकिन ट्रैरिफ वार से किसी को फायदा नहीं है और इससे मंदी आ सकती है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अंधाधूंध तरीके से ट्रैरिफ कम नहीं करेगा। ट्रम्प को समझना होगा कि जिस तरह उन्हे अपने देश के राष्ट्रीय हित प्यारे है दूसरे लोगों को भी अपना हित देखना सर्वोपरी होता है। एक–दूसरे की समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ना सही रास्ता होता है। अगर कोई भी देश केवल अपने हित के बारे में सोचेगा तो इससे व्यापार व अन्य बातों की समझ में आगे बढ़ने में कठिनाई पैदा होगी। भारत ने अमेरिका को यही बात समझाने की कोशिश की है।

### होली और रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं



होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मो के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, यह सभी के हित में होगा, इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं, सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है धूम्रपान

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के 'नो स्मोकिंग डे' की थीम है 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें'। पहली बार यह दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती–फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि–आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे–धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में विस्तार से बताया गया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।



**धूम्रपान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदु**

**धूम्रपान के नुकसान...**
1. फेफड़ों का कैंसर:-
2. हृदय रोग:-
3. सांस की समस्याएं:-
4. दांतों और मसूड़ों की समस्याएं
5. गर्भावस्था में समस्याएं

**धूम्रपान छोड़ने के फायदे...**
1. स्वास्थ्य में सुधार:-
2. जीवनकाल में वृद्धि:-
3. आर्थिक बचत:-
4. परिवार और दोस्तों के लिए बेहतर वातावरण

**धूम्रपान छोड़ने के तरीके...**
1. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी:-
2. काउंसलिंग:-
3. समर्थन समूह:-
4. धूम्रपान विरोधी दवाएं:-



अतुल गोयल

संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे–धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

# अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका

दक्षिण–पश्चिमी दिल्ली की एक झुग्गी बस्ती में नाई की दुकान और किराने की दुकान के बीच स्थित डॉ. 'आर' के बहुत ही छोटे से दवाखाने में मैंने कुछ दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि डॉ. 'आर' बड़ी कुशलता से एक अधेड़ व्यक्ति की सलाइन बदल रहे हैं। उस मरीज़ की पत्नी पास में बैठी थी और थकी–थकी सी लग रही थी। उसने कहा कि कल तो ठीक थे, आज अचानक बेहोश हो गए तो मैं इन्हें यहां ले आई।

डॉ. 'आर' ने 12 साल पहले इस बस्ती में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। इससे पहले वे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करते थे। उनके पास कोई औपचारिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है लेकिन उनके मरीज़ों को इससे कोई आपत्ति नहीं है। डॉ. 'आर' कहते हैं, दिल्ली में उनके जैसे लाखों डॉक्टर हैं और यदि ये सभी अपनी प्रैक्टिस बंद कर दें तो अस्पतालों में भीड़ लग जाए।

डॉ. 'आर' जैसे अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की संख्या दिल्ली के गरीब इलाकों में काफी अधिक है। ये आम तौर पर किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सहायक, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर या स्वास्थ्य सुविधाओं में गैर–चिकित्सकीय कर्मचारी के रूप में शुरुआत करते हैं, और कुछ वर्षों के अनुभव के बाद स्वतंत्र रूप से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं।

**स्रोत फीसर्च**

अक्सर एलोपैथी में काम करने वाले ये अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (आईएचपीएस) किसी एक चिकित्सा प)ति के प्रति वफादार नहीं होते। समुदाय में बसे ये आईएसपी (प्राय: पुरुष) बीमार या घायल लोगों द्वारा इलाज की तलाश में पहला संपर्क बिंदु होते हैं। एक तरह से ये उनके 'फैमिली डॉक्टरश की तरह होते हैं।

ग्रामीण भारत पर ध्यान दें तो, आईएसपीएस के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ यह तर्क दिया जाता है कि वे स्वास्थ्य प्रणाली में 'रिक्त स्थानों' को भरते हैं। हालांकि, औपचारिक स्वास्थ्य प्रणालियों तक गरीबों की पहुंच में रुकावट डालने वाले कारण, जैसे सरक. ारी अस्पतालों में भेदभावपूर्ण व्यवहार या औपचारिक सुविधाओं की कमी, महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि किन अन्य कारणों से लोग आईएचपीएच की सेवाएं लेते हैं।

दिल्ली जैसे शहरों पर गौर करके यह समझने में मदद मिल सकती है, जहां कागज़ों पर 'पर्याप्त' सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आखिर, आईएसपीएस वास्तव में क्या उपलब्ध कराते हैं? इस लेख में आईएसपीएस की भूमिका और भारत में 'फैमिली डॉक्टर' के महत्व का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, दवाखानों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की जटिलताओं पर सवाल उठाए गए हैं, जो आईएसपीएस के संदर्भ से परे होते हुए भी प्रासंगिक हैं।

फैमिली डॉक्टर जो अक्सर जनरल प्रैक्टिशनर के पर्याय होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदाता होते हैं जो परिवारों में विभिन्न उम्र के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में, फैमिली डॉक्टर एक 'दोहरी ख्रष्टि' रखते हैं। एक ओर तो वे मरीज़ को एक शरीर या मन के रूप में देखते हैं जिसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है और साथ ही उसे एक संपूर्ण इंसान के रूप में देखते हैं, जो अन्य लोगों के साथ जटिल सम्बंधों में उलझा है। दृष्टिकोण का यह दोहरापन और मरीज़ों तथा उनके परिवारों के साथ उनकी नज़दीकी, उन्हें 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा' प्रदान करने के सक्षम बनाती है।

यह सरकारी और निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यावसायीकरण के चलते डॉक्टरों से मिलने वाली नौकरशाही नुमा और बेरुखी से भरी सेवा के विपरीत है। फैमिली डॉक्टर लंबे समय तक मरीज़ों और उनके परिवारों को देखकर यह समझ सकते हैं कि अचानक होने वाली बीमारियां कैसे जीर्ण बीमा. रियां बन सकती हैं, और जीर्ण बीमारियों के कैसे अचानक गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। वे मरीज़ों की विशेषताओं और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार अपने निदान और उपचार में बदलाव करते हैं, जिसकी सफलता का स्तर अलग–अलग होता है।

समय के साथ, परिवार उनकी सलाह पर भरोसा करने लगते हैं और छोटी–बड़ी हर प्रकार की स्वास्थ्य चिंताओं पर उनकी राय लेते हैं। इस तरह, वे भरोसेमंद बन जाते हैं और मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक राहत का एहसास कराते हैं।

निश्चित रूप से, भारत के दवाखानों और अस्पतालों में, खासकर हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऐसी स्वास्थ्य सेवा मिलना दुर्लभ है। लेकिन, मुझे लगता है, आईएचपीएस इन आदर्शों को कुछ हद तक साकार करते हैं। ऐसा अक्सर वे सोच–समझकर नहीं करते, बल्कि यह उनके काम के ढांचे और स्थितियों से स्वाभाविक रूप से उभरता है। उदाहरण के लिए, उनके दवाखाने के भौतिक वातावरण पर गौर कीजिए। डॉ. 'आर' के दवाखाने की तरह, आम तौर पर ये दवाखाने घनी बस्तियों में आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच एक छोटे कमरे में चलते हैं, जहां कोई बड़ा साइनबोर्ड भी नहीं होता। अंदर ज़रा–सी जगह में एक मेज़, कुछ कुर्सियां, दवाइयों से भरी अलमारी, एक बिस्तर, मरीज़ और डॉक्टर, ये सब जगह के लिए होड़ करते नज़र आते हैं। इन दवाखानों के खुलने पर मरीज़ बिना किसी अपॉइंटमेंट या बिना किसी नौकरशाही के हस्तक्षेप के आ–जा सकते हैं। मोहल्ला क्लीनिक (जो आम तौर पर दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाते हैं) और अन्य सरकारी डिस्पेंसरी की तुलना में ये देर तक खुले रहते हैं।



# सद्भावना की मानव समाज में उपादेयता

आज मानवता कराह रही है। समाज में चहुंओर ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, अनाचार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, रिश्ते–नातों की टूटती दीवार , नारी–अस्मिता पर प्रहार, ऊंच–नीच की भावना,जाति विद्वेष, साम्प्रदायिकता व लड़ाई–झगड़े आदि बुराईयां तीव्र गति से बढ़ती दृष्टिगोचर हो रहीं हैं। प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? विचारा. `परांत इसका एक ही उत्तर मिलता है–सद्भावना। सामान्यत: सद्भावना से तात्पर्य–मैत्रीपूर्ण स्वभाव (भाईचारे), दयालुता, परोपकार, ईमानदारी, विश्वसनीयता, सत्यवादिता माना जाता है जबकि सद्भावना सत्+भावना दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है सत्य की भावना अर्थात सत्य को जानकर जो भावनाओं का प्रकटीकरण होता है, वह सद्भावना है जो सामान्य जन समझते है वे सत्य के गुण प्रभाव है। जब व्यक्ति सत्य को जान लेता है तो उसमें स्वतरू इन गुणों का प्रादुर्भाव होता है।

आदिगुरु शंकराचार्य का मत है–ब्रह्म सत्यं अर्थात ब्रह्म ही सत्य है और सत्य ही ब्रह्म है, ब्रह्म को जानने के बाद और कुछ जानना शेष नहीं रहता। यह श्लोक वेदांत से लिया गया है और अद्वैत दर्शन का मूलाधार है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है–सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत ब्रह्म का ही प्रसार है। उपनिषद का यह महावाक्य निराकार ब्रह्म की सर्वव्यापकता का उद्घोष करता है। वह ब्रह्म सर्व व्यापक होने के साथ सबसे अधिक नजदीक हमारे अंदर है इसलिए संतों ने कहा कि ज्यों तिल माहि तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा सांई तूझमें, जाग सके तो जाग अर्थात वह परमपिता परमात्मा प्रत्येक मानव के हृदयस्थ है। बृहदारण्यक उपनिषद में ऋषियों ने उद्घोष किया कि अहं ब्रह्मामि अर्थात मैं ब्रह्म हूं क्योंकि ब्रह्म ही शांति, आनन्द और गुणों की खान है और आत्मा ही ब्रह्म है जिसे मण्डूक्य उपनिषद में–अयं आत्मा ब्रह्म कहकर सम्बोधित किया गया है और वेदांत का कथन हैं कि आत्मानं विद्धि आत्मानं उपास्य अर्थात अपनी आत्मा को जानो, अपनी आत्मा की उपासना करो। जबकि रामचरितमानस कहती है कि ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात आत्मा ईश्वर का अंश है जो चेतन्य, अवगुणों से रहित, स्वाभाविक रूप से सुखों की खान है। आत्मा का अर्थ है–अ माने नहीं, तम माने अंधकार अर्थात जहां प्रकाश ही प्रकाश है किन्तु इसके लिए आत्मा को जानना अर्थात आत्मज्ञान जरुरी है। आत्मज्ञान में व्यक्ति के परिवर्तन की क्षमता है। आत्मज्ञान को जानकर रत्नाकर डाकू–महर्षि वाल्मीकि, आम्रपाली वेश्या– बौद्ध भिक्षुणी और अंगुलीमाल– बौद्ध भिक्षु बन गए।

> **आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है, आत्मज्ञान के लिए गरु ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है**

आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है। आत्मज्ञान के लिए गुरु, ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है। आत्मज्ञान हेतु गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए गीता में कहा गया है–तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिन रूअर्थात तत्वदर्शी ज्ञानी से आत्मज्ञान का उपदेश लेना चाहिए। तत्वदर्शी ज्ञानी का जाति, धर्म, पद, प्रतिष्ठा से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता क्योंकि शुकदेव मुनि ने राजा जनक, मीराबाई ने संत रविदास,कबीर दास ने रामानंद से ज्ञान प्राप्त किया। आत्मज्ञान का ध्यान से अटूट सम्बन्ध है इसलिए कहा गया है–जिमि दूध के मथन से निकसत है घी जतन से।तिमि ध्यान की लगन से, परब्रह्म ले निहारा। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति करना चाहते हैं तो हमें ध्यान करना होगा क्योंकि कहा गया है–शेष महेश गनेश दिनेश सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावै अर्थात सतत् ध्यान के कारण ही शंकर में संहार, विष्णु में पालन और ब्रह्मा में सृजन के साथ अन्य देवी–देवताओं से विभिन्न दिव्य गुणों की शक्तियां समाहित हैं। ध्यान हेतु साधना जरुरी है। साधना का अर्थ है ध्यान हेतु तन और मन को साधना इसलिए अष्टांग योग में प्रारम्भ के पंच अंग– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार की व्यवस्था की गई है जिसका ध्यान हेतु हमें पालन करना चाहिए। आत्मज्ञान हेतु सबसे अधिक महत्वपूर्ण है–सत्संग। सत्संग सत् और संग दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात सत्य या हृदय स्थित ईश्वर को जानकर उसका संग करना ही वास्तविक सत्संग है किन्तु इस सत्संग हेतु ज्ञानी साधुओं के पास बैठकर ज्ञानचर्चा सुनना या करना, स द साहित्य–वेद, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस व संतों की वाणी का स्वाध्याय या वाचन करना भी सत्संग है। मानव समाज में सद्भावना के प्रचार–प्रसार हेतु सत्य को जानना नितांत आवश्यक है क्योंकि सत्य को जानने से आंतरिक परिवर्तन होता है और व्यक्ति में स्वतरूप्रेम, ईमानदारी, सत्यवादिता,दयालुता, परोपकार, समानता और भाईचारे की भावनाएं उद्भूत होती है और पावनता का उत्दृष्ट भाव जाग्रत होने के कारण नारी सम्मनीया और आदरणीया हो जाती है।



डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा



# बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं...!

आमतौर पर कब्ज की समस्या काफी परेशानी देती है। कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो नियमित रुप से पेट साफ नहीं होता है। जिस वजह से पेट में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण दिखते हैं। बार–बार कब्ज की पेरशानी होने से बवासीर का खतरा बन जाता है। इन सभी खतरों को पूरा करने के लिए इन 6 फलों का सेवन जरूर करें।

क्या आपका पेट हफ्ते में 2–3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।


### कीवी का सेवन करें...

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

### नाशपती...

नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई फूडमैप केमिकल होता है।

### डाइट में फलों का सेवन करे शुरू



### सेब...

सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।


### पपीता...

पपीता का सेवन करने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और पेट को साफ करने में मदद करता है। पपीता में डायजेस्टिव एंजाइम होते हैं, जो इस काम के लिए जिम्मेदार हैं।

### प्रून्स और बेरीज...

ये दोनों ही फल कब्ज के लिए रामबाण है। प्रून्स में फाइबर से भरा होने के साथ ही मल निकासी को आसान बनाने के लिए काफी बढ़िया तरीका है। वहीं, बेरीज अंदर काफी एंटीऑक्सीडेंट पाई जाती है।

# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में हाईजैक की पैसेंजर ट्रेन



## 30 सैनिक आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में मारे गए

## 214 लोग बनाए बंधक, ट्रेन में 140 सैनिक भी थे सवार

**धमकीः अगर पाक सेना कार्रवाई करेगी, तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा**

**पाकिस्तानी सेना ने किया आत्मसमर्पण, 6,000 सैनिक दिखाई दे रहे लाचार**

## बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को मिल रहा जबरदस्त समर्थन

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी की बनावट कुछ इस तरह की रही है कि इस संगठन ने अलग-अलग स्तर पर कई प्रमुख तैनात किए हैं। इस संगठन को सबसे लंबे समय तक चलाने वालों में असलम बलूच का नाम सबसे आगे है।

इतिहास की बात करें तो असलम बलूच 2006 से 2018 तक इस संगठन का प्रमुख रहा। हालांकि, 2018 में अफगानिस्तान के कंधार में एक आत्मघाती हमले में असलम की मौत हो गई थी। इस घटना से बीएलए को बड़ा झटका लगा था। हालांकि, संगठन ने इसके बाद से खुले तौर पर कभी अपने नेतृत्व में शामिल लोगों का ऐलान नहीं किया। बताया जाता है कि बलूचिस्तान में स्थानीय कमांडर ही दस्तों के संचालन का जिम्मा उठाते हैं। बीएलए के अलावा बलूचिस्तान में जुम्मा खान ने 1964 में बलूच लिबरेशन फ्रंट की स्थापना की थी। बलूचिस्तान की आजादी के लिए बना यह संगठन एक समय काफी चर्चा में रहा। हालांकि, बाद में इस संगठन के लड़ाके भी बीएलए में शामिल हो गए। इसके अलावा बीएलए की छात्र इकाई बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन भी बलूचिस्तान में काफी सक्रिय है। इसका नेतृत्व एक समय डॉ। अल्लाह नजर कर रहे थे, जो कि बलूच आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने पूरी पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। जफर एक्सप्रेस बलोचिस्तान की पैसेंजर ट्रेन है। इस ट्रेन में मंगलवार को सेना के 140 जवान भी सवार थे। ऐसे में जिस तरीके से ट्रेन का हाईजैक हुआ, उससे इंटेलिजेंस के फेल्योर होने का भी सवाल उठ रहा है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में करीब 400 लोग फंसे थे। बताया इस ट्रेन में 140 सैनिक भी यात्रा कर रहे थे। ऐसे में, जफर एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने छोड़ दिया, लेकिन ट्रेन में सवार सभी सैनिकों को बंधक बना लिया है। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 30 जवानों की मौत हो गई है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रुकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर किसी भी तरह का सैन्य अभियान उनके खिलाफ शुरू किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संगठन ने धमकी दी कि यदि उन पर हमला हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस हाईजैक करने के बाद पाकिस्तान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राउंड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद अब एयर स्ट्राइक की जा रही है। हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट मौके पर भेजे गए हैं। बीएलए की मजीद ब्रिगेड, STOS, फतह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके अब भी मजबूत स्थिति में हैं। संगठन ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते हुए कहा, अपने जवानों को बचाने का आखिरी मौका है। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स ATF और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ISI के सक्रिय ड्यूटी पर तैनात जवान भी शामिल हैं, जो छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सेना ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुनियोजित था और उनके लड़ाके ट्रेन व यात्रियों पर पूरी तरह कंट्रोल में हैं। बताते चलें कि पाकिस्तान में आतंकवाद और अलगाववादी आंदोलनों की जड़ें काफी गहरी हैं।

### सेना के पिट्ठू ने जताई थी आशंका

पाकिस्तान सेना के पिट्ठू कहे जाने वाले पूर्व मंत्री फजरलुर रहमान ने कुछ दिन पहले ही बलोचिस्तान में बड़ी घटना की आशंका जताई थी। रहमान का कहना था कि बलोचिस्तान के लोग पाकिस्तान सेना की बात सुनना अब बंद कर देंगे। वहां के लड़ाके सीधे मोर्चा खोलेंगे। रहमान के मुताबिक बलोचिस्तान की सेना अब नाराज हो गई है और सरकार उसे संभाल नहीं पाएगी। फजलुर का कहना था कि बलोचिस्तान जल्द ही पाकिस्तान से अलग हो जाएगा। बलोचिस्तान लंबे वक्त से हिंसा की आग में झुलस रही है। पाकिस्तान की सरकार खुद यहां की हिंसा से चिंतित है। ऐसे में सेना के इतने बड़े मूवमेंट को जिस तरीके से एक पैसेंजर ट्रेन में करवाया गया है, उससे भी सवाल उठ रहे हैं।

## सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले जेलेंस्की

**जेद्दा /सऊदी अरब।** सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार देर शाम जेद्दा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाक.ात की। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ्एक्स पर कहा कि सऊदी क्राउन प्रिस ने जेद्दा के अल-सलाम पैलेस में यूक्रेन के राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां एक आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। जेलेंस्की अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले सोमवार को सऊदी तटीय शहर में पहुंचे।

कीव स्थित यूक्रेनी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को ज़ेलेंस्की के हवाले से कहा कि सोमवार को मैं क्राउन प्रिंस (मोहम्मद बिन सलमान) से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। अमेरिकी विद.ेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को ही जेद्दा पहुंचे और सऊदी क्राउन प्रिस से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के पिछले बयान के अनुसार रुबियो सोमवार से बुधवार तक जेद्दा में रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। यूक्रेन-अमे.रिका की बैठक मंगलवार को होगी। फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच कथित टकराव के बाद यह पहली बैठक होगी। इस टकराव विवाद के कारण द्विपक्षीय खनिज समझौते को रद्द कर दिया गया और इसके बाद यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया गया।



## जान का दुश्मन बना ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी

**ग्वाटेमाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो मध्य अमेरिका में 30 हजार लोगों की जान पर खतरे का कारण बना हुआ है**



**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवा.सियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महा.निदेशालय के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

आवश्यकता है।

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com